दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमस: परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | देश विदेश

RNI NO.MPHIN/2020/81503 | जबलपुर, शनिवार 24 फरवरी 2024 | वर्ष-4 अंक-25 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

आज बेबाक

न खाता न बही जो दीदी बोले वो सही। बंगाल में दीदी और उनके समर्थक चाहे जो करें उनकी मर्जी। संदेशखाली की घटना पर पर्दा डालने और मुख्य आरोपी शाहजहां को बचाने के लिए दीदी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं की आवाज उठाने वाले एक पत्रकार को पुलिस से उठवा लिया गया। उसे पुलिस कस्टडी में प्रताड़ित किया गया। जिसे हाईकोर्ट से जमानत मिली और कोर्ट ने ममता सरकार को कड़ी फटकार भी लगाई। इससे दीदी को कोई फर्क नहीं पड़ता। उनके लिए तो नियम कानून और कायदे सभी ठेगें पर है।

चम्बल परियोजना नीमच को बनाएगी पंजाब, हरियाणा के समतुल्य - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

नीमच एयर-स्ट्रिप का उन्नयन होगा,नागरिकों को एयर एम्बुलेंस सुविधा भी मिलेगी

नीमच के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीमच क्षेत्र का शीघ्र विकास होगा। पार्वती-काली सिंध-चम्बल लिंक परियोजना मध्यप्रदेश के दस जिलों को पेयजल और सिंचाई जल उपलब्ध करवाने का कार्य करेगी। नीमच अंचल को विशेष लाभ मिलेगा। यह इलाका फसलों से लहलहाएगा। नीमच पंजाब और हरियाणा के समतुल्य होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच में आयोजित कार्यक्रम में 752.09 करोड़ की लागत के विभिन्न 20 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 593.48 करोड़ के 4 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 158.61 करोड़ लागत के विभिन्न 16 कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ पत्र भी वितरित किये। डॉ. यादव ने विभिन्न विभागों द्वारा विकास गतिविधियों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित वृहद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच शहर में आयोजित जन

आभार यात्रा में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरेंद्र कुमार सखलेचा और स्व. सुन्दरलाल पटवा का सम्मान पूर्वक स्मरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच के विकास से संबंधित जो प्रमुख घोषणाएं कीं इसमें नीमच में स्टेडियम निर्माण, श्रद्धा स्थल भादवा माता में सुविधायुक्त अस्पताल एवं फिजियोथैरेपी सुविधा, नीमच की बंगला बगीचा से जुड़ी राजस्व समस्या का निराकरण, मनासा कुकड़ेश्वर बॉयपास, कुकड़ेश्वर में शासकीय महाविद्यालय, सिंगौली में स्नातकोत्तर कॉलेज, जावद में वर्तमान 40 बिस्तर अस्पताल का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन, रतनगढ़ सामुदायिक केंद्र का उन्नयन, जावद से मोरवन डबल रोड निर्माण शामिल है।

प्रमुख भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाड़ा में 558 करोड़ लागत से स्थापित हो रही दो कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकाईयों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच के औद्योगिक क्षेत्र झांझरवाड़ा में 135 करोड़ की लागत से स्थापित हो रही विश्वेश्वरैया डेनिम प्रा.लि. कपड़ा एवं परिधान निर्माण औद्योगिक इकाई एवं 450 करोड़ लागत की मेसर्स स्वराज सूटिंग्स प्रा.लि. की कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकाई का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इन दोनों कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकाइयों में लगभग 2500 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 करोड़ 98 लाख लागत के लालपुरा तालाब योजना एवं 2.5 करोड़ की लागत से कायाकल्प 2.0 के अतंर्गत सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच में मैसर्स स्वराज **शेष पृष्ठ 5 पर**

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को मिला 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड' का अवॉर्ड

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के पर्यटन गंतव्यों के प्रचार-प्रसार, नवाचार करने, पर्यटकों को अनुभव आधारित पर्यटन प्रदान करने एवं पर्यावरण अनुकूल पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई देश की प्रमुख ट्रेवल प्रदर्शनी SATTE (साउथ एशियन ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सचेंज) में एमपीटीबी को 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट बोर्ड' का अवॉर्ड दिया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, पर्यटन विभाग सदैव ही प्रदेश में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों की सुलभता, सुगमता एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न नवाचर एवं पहलों के माध्यम से अधिक से अधिक पर्यटक 'हिंदुस्तान के दिल' को देखने के लिये पहुंचे, ऐसा प्रयास रहता है।

नई दिल्ली में SATTE एग्जिबिशन के दौरान मिला सम्मान

बोर्ड की ओर से यह सम्मान उपसंचालक श्री युवराज पडोले ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी में बोर्ड ने प्रमुखता से सहभागिता कर देश एवं विदेशों से आए ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेर्ट्स, होटेलियर्स एवं विभिन्न हितधारकों के समक्ष प्रदेश के पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों को प्रचारित किया। एमपीटीबी स्टॉल पर आगंतुकों को सांची, अमरकंटक, नर्मदा के घाटों और अन्य गंतव्यों के वर्चुअल टूर का अनुभव करने का भी मौका मिला। बोर्ड को यह सम्मान पर्यटन, बुनियादी ढांचे के विकास, स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास, राज्य की संस्कृति और विरासत के संरक्षण इत्यादि क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है।

अब किसानों की ढाल बनेंगे निहंग सिख

दिल्ली कूच पर अड़े आंदोलनकारियों का देंगे साथ

नई दिल्ली, (वार्ता)। हाथ में भाला और ढाल, सिर पर पगड़ी और आंखों में तेज! ऐसी ही कुछ निहंग सिखों की पहचान है। दिल्ली कूच को अड़े किसानों के आंदोलन में अब निहंग सिखों ने भी हिस्सा लेने का फैसला किया है। पंजाब, हरियाणा के कई किसान संगठनों ने 13 फरवरी से एमसएपी और कर्ज माफी सहित कई मांगों को लेकर मोर्चा खोला है। दिल्ली में प्रवेश करने से पहले किसानों की रोजाना पुलिस से झड़प होती रहती है। वहीं अब निहंगों ने किसानों की ढाल बनने का फैसला किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, निहंगों में से एक शेर सिंह ने सिखों के आध्यात्मिक नेता का जिक्र करते हुए कहा, गुरु गोबिंद सिंह ने उपदेश दिया है कि सिखों को अन्याय और उत्पीड़न से लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अगर इन प्रदर्शनकारियों को आधी रात में भी किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है तो हमें तैयार रहना होगा।

उल्लेखनीय है कि निहंगों ने 2021 में पूरे साल चले किसानों के इसी तरह के आंदोलन में भाग लिया था। एक अन्य निहंग राजा राम सिंह ने कहा, किसानों पर अत्याचार किया जा रहा है... सरकार यह न सोचे कि वे किसानों को डरा सकते हैं... यह पंजाब है और हम किसानों के **शेष पृष्ठ 5 पर**

साथी की मौत के बाद से उग्र हुए हैं किसान, 30 पुलिसकर्मी घायल, 3 की गई जान

किसानों का आंदोलन जारी है। मांगों पर अड़े पंजाब-हरियाणा के किसानों को रोकने के लिए पुलिस बल कई तरह के उपाय कर रहा है। इसी के तहत अश्रुगैस छोड़े गए, उसके बाद से किसान उग्र हो गए हैं। वे लावलश्कर के साथ उग्र प्रदर्शन करने लगे हैं। वहीं आंदोलन के दौरान एक किसान की जान चली गई। शासन-प्रशासन के बीच किसानों की चल रही तनातनी के बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने आज काला दिवस मनाया। बता दें कि किसान आंदोलन के दौरान 3 दिन पहले 21 वर्षीय किसान शुभंकरण सिंह की मौत हो गई थी। पंजाब सरकार ने शुभकरण के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया है।

किसानों का एक्शन प्लान, देशभर में 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च

फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत अन्य मांगों को लेकर जारी किसान आंदोलन में एक किसान की मौत के बाद किसानों ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को ब्लैक डे मनाने का ऐलान किया है। वहीं, 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकलेगा, जबकि 14 मार्च को महापंचायत होगी। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने गुरुवार को कहा, मृतक किसान के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा मिले।

लोकसभा चुनाव- बीजेपी का कमजोर सीटों पर फोकस

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी बेहद सक्रिय दिख रही है। इसी के तहत जो सीटें जीत की दृष्टि से ज्यादा कठिन दिखाई दे रही हैं उस पर ज्यादा फोकस किया गया है। इसी के तहत अपने प्रत्याशियों को लेकर मंथन तेज कर दिया है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि बीजेपी हाईकमान इस महीने के अंत में 100 उम्मीदवारों का ऐलान कर सकती है। यह उम्मीदवार उन सीटों पर घोषित किए जाएंगे, जिन्हें बीजेपी अपने लिए सबसे कठिन सीट मानकर चल रही है।

अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि जिन 100 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी, उनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्य शामिल हैं।

इन सीटों पर बीजेपी को 2019 के आम चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा था। ऐसे में बीजेपी कोशिश कर रही है कि इन सीटों पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया जा सके। बीजेपी की एक कोशिश यह भी है कि अगर इन सीटों पर प्रत्याशियों के वक्त रहते नाम फाइनल कर दिए जाएंगे तो वे अपने क्षेत्र में ज्यादा समय दे सकेंगे।

जारी की 100 उम्मीदवारों की सूची

मंजूरी मिलने के बाद ऐलान

माना जा रहा है कि बीजेपी जो पहली लिस्ट जारी करेगी, उस कुछ केंद्रीय मंत्री और बड़े नेताओं के नाम शामिल हो सकते हैं। पार्टी सूत्रों का यहां तक कहना है कि सूची बिल्कुल तैयार है। केंद्रीय नेतृत्व से मंजूरी मिलने का बाद ऐलान होगा। यही वजह है कि बीजेपी ने 29 फरवरी को केंद्रीय चुनाव समिति की मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग पहले 22 फरवरी को होनी थी, लेकिन नेताओं के बिजी शेड्यूल के चलते इसे टाल दिया गया था।

जहां कमजोर वहां मजबूत करने का लक्ष्य

बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं तमिलनाडु, लक्ष्यदीप, केरल और तेलंगाना समेत दक्षिण भारत के राज्यों का दौरा कर चुके हैं। इसके पीछे की रणनीति यही थी कि बीजेपी जहां कमजोर है, वहां अपनी स्थिति को मजबूत कर सके। पार्टी ने कुल 160 सीटों को चुना है। जिन पर वो खुद को कमजोर मान कर चल रही है। पिछले करीब दो साल से बीजेपी इन सीटों पर जनसंपर्क अभियान चला रही है। केंद्रीय मंत्रियों और बड़े नेताओं **शेष पृष्ठ 5 पर**

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी का निधन

मुंबई,। शिवसेना के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी का निधन हो गया। मनोहर जोशी को दिल का दौरा पड़ने के कारण मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में एडमिट कराया गया था और आईसीयू में उनका इलाज किया जा रहा था। यहीं पर डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए थी। आज सुबह 3.02 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जेड प्लस सुरक्षा

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे। जेड प्लस एसपीजी कवर के बाद उच्चतम स्तर की सुरक्षा है। सरकार उस व्यक्ति को प्रदान करती है जिसकी जिंदगी को उच्च स्तर का खतरा होता है। इस सुरक्षा में सीआरपीएफ कमांडो के साथ 55 कर्मी शामिल रहेंगे जो चौबीस घंटे व्यक्ति की सुरक्षा करते हैं। इस कवर में एक बुलेटप्रूफ गाड़ी और तीन शिफ्ट में एस्कॉर्ट भी शामिल है। बता दें कि वीआईपी सुरक्षा की चार श्रेणियां जेड प्लस, जेड, वाई और एक्स हैं।

राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका, रांची में चलेगा केस

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रांची में राहुल गांधी के खिलाफ केस चलेगा। राहुल गांधी ने 2018 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी किया था।

इस समन के खिलाफ राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। राहुल गांधी की याचिका को हाई कोर्ट ने रिजेक्ट कर दिया है। राहुल गांधी के खिलाफ रांची की निचली अदालत में ट्रायल चलता रहेगा।

अमित शाह को बताया था हत्या का आरोपी: 2018 में 8 मई को कर्नाटक चुनाव के दौरान बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने अमित शाह पर टिप्पणी की थी। इसी **शेष पृष्ठ 5 पर**

उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष के नाम से महाकाल में फ्रॉड

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन में भस्मारती के नाम पर फ्रॉड का सिलसिला थम नहीं रहा। अब संभागायुक्त और उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय गोयल के नाम से महाकाल की भस्मारती की परमिशन ली गई। दिल्ली के तीन भक्तों से तय फीस से 10 गुना ज्यादा यानी 6000 रुपए वसूले गए। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर नीरज कुमार ने केस दर्ज कराने की बात कही है।

दिल्ली के तीन श्रद्धालु आलोक कुमार, ध्रुव कुमार और दीपांशु शर्मा महाकाल की भस्मारती में शामिल होना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मंदिर से जुड़े किसी शख्स के माध्यम से शुक्रवार के लिए परमिशन बनवाई। अल सुबह वे मंदिर पहुंचे।

नाम नहीं छापने की शर्त पर परमिशन बनवाने वाले शख्स ने बताया कि परमिशन बनने के बाद तीनों श्रद्धालु **शेष पृष्ठ 5 पर**

गरमा-गरम

न्यायिक योजना... इसका पहला मामला एक माह पहले सामने आया था

नाइट्रोजन गैस से मृत्युदंड देने की तैयारी

मोंटगोमरी (अमेरिका), (एपी)। अलबामा में मौत की सजा पाए एक दोषी को नाइट्रोजन गैस सुंघाकर सजा की तामील करने की तैयारी की जा रही है। राज्य में मौत की सजा की तामील के लिए नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करने का पहला मामला एक माह पहले ही सामने आया था। इस प्रक्रिया से मृत्युदंड देने की काफी अलोचना भी हुई थी।

अलबामा के अटार्नी जनरल स्टीव मार्शल के कार्यालय ने बुधवार को अलबामा के उच्चतम न्यायायल से दोषी एलन यूजीन मिलर के लिए सजा की तारीख तय करने का अनुरोध किया। अटार्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि मिलर को मौत की सजा नाइट्रोजन हाइपाक्सिया के जरिए दी जाएगी। मिलर (59) को 1999 में बर्मिंघम में तीन लोगों की हत्या का दोषी ठहराया गया है।

सजा के लिए तारीख तय करने का अनुरोध ऐसे वक्त में किया जा रहा है जब राज्य में इस तरीके से सजा-ए-मौत देने को लेकर अलग-अलग राय व्यक्त की जा रही हैं। दरअसल 25 जनवरी को पहली बार नाइट्रोजन गैस के जरिए केनेथ स्मिथ को मौत की सजा दी गई थी **शेष पृष्ठ 5 पर**

अधिक पीड़ादायक और दर्दनाक है

उन्होंने स्मिथ को सजा दिए जाने के अगले दिन अन्य राज्यों को भी इस तरीके पर विचार करने का अनुरोध किया था, लेकिन मौत की सजा पाए एक अन्य दोषी की ओर से दायर वाद में नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल बंद करने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया कि मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि यह 'इंसान पर किए गए प्रयोग' जैसा था और इसे सफल नहीं माना जा सकता। इस याचिका में कहा गया कि पहले **शेष पृष्ठ 5 पर**

शरद पवार की नई पहचान 'तुतारी' पार्टी को मिला चुनाव चिन्ह

पुणे, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम शरद पवार को उनकी नई पार्टी के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। उनकी पार्टी की नई पहचान तुतारी के रूप में होने जा रही है। असल में हिंदी में तुतारी को तुरहा कहा जाता है जो एक तरह की शहनाई ही है।

चुनाव चिन्ह में दिखाया गया है कि शख्स तुतारी को बजा रहा है। इस नए चुनाव चिन्ह के मिलने के बाद शरद पवार भी खासा उत्साहित हैं और उनकी तरफ से जोर देकर कहा गया है कि वे गर्व महसूस कर रहे हैं। जारी बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र के इतिहास में दिल्ली की राजगद्दी के पर्दों को बजाने वाले छत्रपति शिवराय की वीरता 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद चंद्र पवार' के लिए गौरव की बात है। छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराष्ट्र के आदर्श, फुले, शाहू, अम्बेडकर के प्रगतिशील विचारों वाले आदरणीय श्री ये 'तुतारी' एक बार फिर शरद चंद्र पवार के साथ मिलकर दिल्ली की गद्दी हिलाने का बिगुल बजाने को तैयार है!

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से रखी जाएगी लोकसभा उम्मीदवारों पर नजर

13 मार्च को तारीखों की घोषणा कर सकता है ईसीआई

नई दिल्ली। आम चुनाव की तारीखों के ऐलान का वक्त नजदीक आ गया है. चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। इससे पहले चुनाव आयोग मार्च के पहले हफ्ते में जम्मू-कश्मीर का दौरा कर सकता है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के संवेदनशील बूथों की लिस्ट मांगी है। इस बार भी आम चुनाव 7-8 चरण में हो सकते हैं। 2019 में आम चुनाव सात चरणों में मतदान हुआ था. 2019 में लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को हुई थी। ईसीआई ने 11 अप्रैल 2019 से 19 मई 2019 के बीच सात चरणों में आम चुनाव कराए थे।

23 मई को चुनाव के नतीजे आए थे। बीजेपी ने आम चुनाव में 303 सीटें जीतीं थीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी. बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीती थीं।

'राज्यों के दौरे के बाद होगा तारीखों का ऐलान'

चुनाव आयोग के आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि ईसीआई आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है. एक बार यह दौरे पूरे होने के बाद तारीखों की घोषणा की जाएगी. फिलहाल, चुनाव आयोग के अधिकारी अभी तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं, उसके बाद वे उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। यह सभी दौरे 13 मार्च से पहले पूरे होने की उम्मीद है। आयोग पिछले कुछ महीनों से तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ लगातार बैठकें कर रहा है.

अधिकारियों ने बताया कि सीईओ ने समस्या वाले क्षेत्रों, ईवीएम की आवाजाही, सुरक्षा बलों की जरूरत, बॉर्डर पर कड़ी निगरानी को सूचीबद्ध किया है. विशेष रूप से चुनाव आयोग इस साल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने की योजना बना रहा है.

लोकसभा चुनाव के लिए एआई

चुनाव आयोग ने मई से पहले होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी की मदद लेने का फैसला किया है. सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करने और हटाने के लिए ईसीआई के भीतर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक विभाग बनाया गया है।

गलत सूचना पर अकाउंट सस्पेंड या ब्लॉक

सोशल मीडिया पर झूठी और भड़काऊ सामग्री को हटाने का काम तेजी से किया जाएगा. यदि कोई पार्टी या उम्मीदवार नियमों का उल्लंघन करना जारी रखता है तो आयोग तत्काल कड़ी कार्रवाई करेगा. सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के अकाउंट को सस्पेंड किया जा सकता है या उन्हें ब्लॉक करने की सिफारिश कर सकता है।

96.88 करोड़ लोग वोटिंग में हिस्सा लेंगे

चुनाव आयोग फैक्ट चेक, गलत सूचना से निपटने और संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा.

चुनाव आयोग के आंकड़ों में कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनावों में 96.88 करोड़ लोग मतदान में हिस्सा लेंगे. इसके अलावा 18-19 आयु वर्ग के 1.85 करोड़ लोग वोट डालने के लिए रजिस्टर्ड किए गए हैं।

न्यूज गैलरी

सड़क हादसा में स्कूटी सवार की मौत, मामला दर्ज

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में एक और हादसे की खबर सामने आई है। ये हादसा उत्तर पश्चिमी दिल्ली के बेगमपुर इलाके में हुआ है। यहां सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई है। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है। वहीं एक अन्य मामला पश्चिमी दिल्ली के बिंदापुर में हुआ है। जहां एक तेज रफ्तार कार ने मासूम समेत दो को टक्कर मार दी। हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। तो वहीं घायल को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

दिल्ली के मोहन गार्डन में लगी आग

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई है। उत्तम नगर के पास मोहन गार्डन में एक मकान में आग लग गई। घटना के बाद दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची। बचाव दल ने एक आदमी और एक बच्ची को बचा लिया है। फिलहाल, आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के कर्मचारी जुटे हुए हैं।

चंदे के लिए 'वसूलीभाई' की तरह काम कर रही है सरकार: राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर चंदा पाने के लिए 'वसूली भाई' की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि एजेंसियों का इस्तेमाल कर कंपनियों को डराया धमकाया जा रहा है और उनसे चंदे कि वसूली की जा रही है।

श्री गांधी ने कहा, क्या आपको प्रधानमंत्री की 'चंदा दो, बेल और बिजनेस लो' योजना के बारे में पता है। देश में प्रधानमंत्री 'वसूली भाई' की तरह ईडी, आईटी और सीबीआई का दुरुपयोग कर 'चंदे का धंधा' कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया है कि वसूली एजेंट बन चुकी एजेंसियों की जांच में फंसी 30 कंपनियों ने भाजपा को जांच के दौरान 335 करोड़ का चंदा दिया।

उन्होंने कहा, ÷चंदे का धंधा इतनी बेशर्मी से चल रहा है कि मप्र की एक डिस्टिलरी के मालिकों ने बेल मिलते ही भाजपा को चंदा दिया। मित्र की कंपनी को बेईमानी से फायदा और बाकियों के लिए अलग कायदा, मोदी राज में भाजपा को दिया 'अवैध चंदा' और 'इलेक्ट्रोल बॉन्ड'' ही 'कारोबार में आसानी' की गारंटी है।

संयम बरते किसान,समस्यायों का हल जरुर निकलेगा: जयंत

अमरोहा (वार्ता)। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने खुनौरी बार्डर पर युवा किसान की मौत पर अफ़सोस जताते हुए पुलिस और आंदोलनकारियों से संयम बरतने की अपील की और कहा कि हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। किसानों की समस्याओं का जल्द ही कोई हल ज़रुर निकलेगा। श्री चौधरी ने यहां अपने संक्षिप्त दौरे में 24 दिसंबर को सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हाकमपुर के ग्राम प्रधान विशाल,राजन तथा मनोज के परिजनों से उनके घर पर मुलाकात की और पीड़ित जनों को ढांढस बंधाया।

भाजपा हम पर इंडिया समूह छोड़ने का दबाव बना रही है : आप

चंडीगढ़ (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह उन पर इंडिया समूह छोड़ने का दबाव बना रही है और उसे डराने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के फर्जी मामले जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है। चंडीगढ़ पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं और भाजपा को इन चुनावों में इंडिया समूह के हाथों अपनी हार नजर आ रही है? क्योंकि पिछले दस सालों से केंद्र की नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह विफल रही है। श्री चीमा ने आरोप लगाया कि आप नेताओं को धमकी भरे फोन आ रहे हैं कि अगर इंडिया समूह नहीं छोड़ा तो श्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अब तक श्री केजरीवाल को ईडी से सात समन मिल चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि आप एक आदर्शवादी पार्टी हैं, जिसके आदर्श शहीद-ए-आजम भगत सिंह और डॉ. बी आर अंबेडकर हैं। उन्होंने कहा, वे हमें डरा नहीं पाएंगे। आप सरकार की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इंडिया समूह ने भाजपा को हराया है और यह सिर्फ एक ट्रेलर था।

लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन को संभालने की कवायद

सीट शेयरिंग का ऐलान जल्द होगा, राहुल गांधी ने फोन कर महाराष्ट्र में बात संभाली

मुंबई (ए.)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति बनने लगी है. यूपी के बाद अब महाराष्ट्र में भी महाविकास अघाड़ी में शामिल दल भी फॉर्मूले पर आगे बढ़ गए हैं. जल्द ही सीट शेयरिंग के साझा प्लान का ऐलान किया जा सकता है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद अन्य पार्टियों के नेताओं से बात कर रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे के बीच फोन पर सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई है. इस बातचीत के जल्द पॉजिटिव नतीजे देखने को मिलेंगे. एक दिन पहले राहुल गांधी ने शरद पवार से भी फोन पर बातचीत की थी और सीट बंटवारे पर जल्द सहमति बनाने का आग्रह किया था।

'22 फरवरी को नहीं हो पाई बैठक'

दरअसल, महाराष्ट्र कांग्रेस से कई प्रमुख नेताओं के पार्टी छोड़ने के बाद विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत रुक गई थी. आगे की चर्चा के लिए 22 फरवरी को मुंबई में होने वाली बैठक भी स्थगित कर दी गई थी. कहा जा रहा था कि 22 फरवरी को कुछ सीनियर नेता बाहर होने के चलते बैठक में नहीं पहुंच पा रहे थे.

सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 8 पर बातचीत अटकी पड़ी है. कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) दोनों इन सीटों पर दावेदारी कर रहे हैं।

इन सीटों में रामटेक, हिंगोली, जालना, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई दक्षिण-मध्य, शिरडी, भिवंडी और वर्धा का नाम शामिल है।

'जिन सीटों पर पेच फंसा, उस पर चर्चा होगी'

राहुल गांधी के फ्रंट फुट पर आकर मोर्चा संभालने के बाद स्ङ्क के नेता भी एक्टिव हुए हैं. अब अंतिम चरण में बातचीत होना बाकी है। सूत्र बताते हैं कि स्ङ्क के नेताओं ने 27 और 28 फरवरी को एक बैठक आयोजित करने का फैसला किया है. इस बैठक में उन सीटों पर सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी, जिन पर इंडिया ब्लॉक में शामिल एक से ज्यादा पार्टियों की दावेदारी देखने को मिल रही है. इन अनसुलझी लोकसभा सीटों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

इन पार्टियों के बीच चल रही बातचीत

हालांकि, राजू शेट्टी की स्वाभिमानी शेतकारी पार्टी, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दल जैसी अन्य पार्टियां भी सीट शेयरिंग पर बातचीत कर रही हैं। इस बीच, वीबीए के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर भी एमवीए से नाराज चल रहे हैं. उनका कहना है कि कोई भी सहयोगी दल सीट वितरण पर आम सहमति पर नहीं पहुंच रहा है।

'उद्धव गुट की 23 सीटों पर दावेदारी'

कई सीटों पर एमवीए में दरार की चर्चा के बीच शिवसेना नेता और सांसद संजय राउत ने कहा, हम राज्य की 23 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, इनमें मुंबई की चार सीटें शामिल हैं। सहयोगियों के लिए सिर्फ दो सीटें छोड़ी गई हैं. राउत ने भरोसा जताया कि अगली बैठक में सहमति बन जाएगी।

'यूपी में फाइनल, दिल्ली में ऐलान होना बाकी'

इससे पहले यूपी में सपा और कांग्रेस ने सीट शेयरिंग पर सहमति बनने का ऐलान कर दिया है. यूपी में कुल 80 सीटें हैं इनमें 63 सीटों पर सपा और 17 सीटों पर कांग्रेस आम चुनाव लड़ेगी. सपा मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतारेगी और कांग्रेस वहां सपा उम्मीदवार को समर्थन देगी. वहीं, दिल्ली में भी आप और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला अंतिम दौर में हैं। दिल्ली में 7 लोकसभा सीट हैं। 4 सीटों पर आम आदमी पार्टी और 3 सीटों पर कांग्रेस के चुनाव लड़ने का ऐलान कभी भी हो सकता है। पंजाब को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

'बंगाल में बातचीत पटरी पर आ रही?'

इधर, पश्चिम बंगाल से भी ईडिया ब्लॉक को लेकर राहतभरी खबर आ रही है. टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का रुख नरम देखा जा रहा है। ममता ने पहले बंगाल की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया था. लेकिन अब बताया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस को एक बार फिर सीट बंटवारे की पेशकश की है।

खाता बंदी मामले में जरूरत पड़ी तो अदालत जाएंगे : जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कर आतंकवाद के माध्यम से खाताबंदी की जा रही है और हम ट्रिब्यूनल में तो लड़ ही रहे हैं। इस मामले में जरूरत पड़ने पर न्यायालय भी जाएंगे।

उन्होंने बताया कि वेणुगोपाल जी ने वित्त मंत्री को पत्र लिखा है। पिछले चार सालों के अंदर करीब तीस कंपनियों के खिलाफ ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स छोड़ा गया। इन कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये चंदा के रूप में मिला है।

ये हफ्ता वसूली है और कुछ नही है। इसमें कुछ कम्पनियां, जिन्होंने 2018 से पहले कभी भाजपा को चंदा नही दिए हैं। ये कांग्रेस को चंदा देते थे। अब वो कांग्रेस को चंदा नहीं देते हैं। हमने इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार? ने अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी किया है। क्या इस हफ्ता वसूली पर श्वेत पत्र जारी करेंगे?

ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आदिवासी छात्रों के लिए फिल्म आधारित कौशल पाठ्यक्रम का समापन

भुवनेश्वर। फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई), पुणे द्वारा ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजाति छात्रों के लिए 15-दिवसीय शुल्क-मुक्त फिल्म आधारित कौशल पाठ्यक्रम का समापन 23 फरवरी, 2024 को ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में किया गया था। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल पर और 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। सत्र की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने की और इसमें विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो एनसी पांडा और एफटीआईआई के प्रोफेसर अजमल जामी ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। एफटीआईआई की ओर से पाठ्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर अश्विन बी सोनने वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। कुलपति ने ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पी. के. रथ और अतिथि व्याख्याता तेलराम मेहर द्वारा आयोजित 'ओडिशा का सिनेमा' नामक एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद पाठ्यक्रम के दौरान अनुसूचित जनजाति के छात्रों द्वारा निर्मित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के स्मारक का उद्घाटन गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया था। प्रोफेसर सोनने ने संतोष व्यक्त किया कि एफटीआईआई कोरापुट जैसे जनजातीय क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है।

कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रभारी प्रमुख एवं कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सौरभ गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में चार पाठ्यक्रम स्क्रीन एक्टिंग, स्क्रीनप्ले राइटिंग, फिल्म अप्रेजल और स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग आयोजित किए गए। पाठ्यक्रम में कुल 38 आदिवासी छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 17 लड़कियां थीं और 11 लड़के थे। प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने अत्यंत प्रेम और सम्मान के साथ पाठ्यक्रम सीखने के लिए छात्रों की सराहना की।

'सीएजी की रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा में पेश करें एलजी ने सीएम केजरीवाल को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। वीके सक्सेना ने पत्र में दिल्ली सरकार के वित्त से संबंधित सीएजी की पांच रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा में पेश करने के लिए कहा है। उपराज्यपाल ने लिखा, 'मेरे सचिवालय को सीएजी ऑफिस से पांच रिपोर्ट हासिल हुई है, जिसे केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा सहमति दी गई है और इसे दिल्ली विधानसभा के पटल पर रखने के लिए मुझे भेजा गया है। सक्सेना ने लिखा कि जीएनसीटीडी एक्ट 1991 की धारा 48 के तहत सीएजी राजधानी के खाते की जांच के लिए जिम्मेदार है और वह इस रिपोर्ट को उपराज्यपाल के पास भेजता है,

ताकि वह इसे विधानसभा में पेश करा सके।' वीके सक्सेना ने कहा कि इन दिनों दिल्ली का बजट सत्र चल रहा है। कृपया वित्त मंत्री को इन महत्वपूर्ण रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए इसको इसी सत्र में पेश करें।

पेपर लीक मामला: हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को हजारों अभ्यर्थियों ने लखनऊ के ईको गार्डेन में प्रदर्शन किया। उन्होंने भर्ती बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फिर से परीक्षा कराने की मांग की है। प्रदर्शनस्थल पर पीएसी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इसके पहले उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं।

जयशंकर ने पश्चिमी देशों को फिर सुनाई खरी-खरी

'आपकी नीतियों से ही रूस और चीन करीब आए': जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके दुष्परिणामों का जिक्र किया। इस साथ ही उन्होंने कहा कि रूस शासन कला की एक विशाल परंपरा वाली ताकत है और वह एशिया या दुनिया के गैर-पश्चिम हिस्सों की ओर अधिक रुख कर रहा है। जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में मॉस्को और बीजिंग की बढ़ती नजदीकियों के सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

'रूस के साथ भारत के संबंध स्थायी और बहुत दोस्ताना'

इससे पहले जयशंकर ने कहा था कि रूस के साथ भारत के स्थायी और बहुत दोस्ताना संबंध हैं। मॉस्को ने कभी भी नई दिल्ली के हितो को नुकसान नहीं पहुंचाया है। यूक्रेन पर मॉस्को के हमले के बावजूद भारत और रूस के संबंध मजबूत बने रहे। कई पश्चिमी देशों की आपत्तियों के बावजूद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया है।

भारत ने अब तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है। नई दिल्ली कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए। जयशंकर ने भारत की जी 20 अध्यक्षता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कैसे इसने समूह के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करना सुनिश्चित किया।

'जी-20 का विस्तार हो सकता है, यूएनएससी का क्यों नहीं'

उन्होंने कहा कि अगर जी-20 का विस्तार किया जा सकता है तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने आगे कहा, जब धुंध साफ हो जाएगी और लोग पीछे मुड़कर देखेंगे तो जी-20 को देखेंगे और इस तथ्य को देखा जाएगा कि अफ्रीकी संघ की सदस्यता पर सहमति हुई थी।

पश्चिम की नीतियों से करीब आए रूस और चीन

विदेश मंत्री ने कहा कि रूस अन्य देशों, खासतौर पर एशिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं। एक तरफ आपके पास ऐसे लोग हैं जो नीतियां बनाते हैं। दोनों को एकसाथ लाते हैं और फिर कहते हैं उनके एक साथ आने से सावधान रहें। दोनों देशों की नजदीकियों को लेकर यह सवाल ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक माइकल फुलिलोव ने पूछा था।

पौंग डैम अभयारण्य क्षेत्र को ईको सेसेंटिव जोन घोषित नहीं किया: सुक्खू

शिमला (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के नौवें दिन शक्रवार को कार्यवाही जारी रही और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पौंग डैम अभयारण्य क्षेत्र को अभी तक ईको सेसेंटिव जोन घोषित नहीं किया गया है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जीवन मिशन के लिए केंद्र से 2000 करोड़ रुपये का इंतजार है। उन्होंने कहा है कि राज्य में 17 लाख 9000 लोगों को पानी के कनेक्शन दिए गए हैं।

न्यूज गैलरी

राजस्व महा अभियान में 3 लाख 35 हजार प्रकरणों का निराकरण

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश स्तरीयराजस्व महा अभियान 15 जनवरी से आरंभ होकर 29 फरवरी तक चलेगा। अभियान में अब तक 3 लाख 35 हजार प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। महा अभियान की राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। प्रतिदिन अभियान में राजस्व प्रकरणों का निराकरण तुरंत किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि महा अभियान का प्रमुख उद्देश्य समय-सीमा पार लंबित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का निराकरण करना है। राजस्व विभाग द्वारा अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की सतत् निगरानी के लिये राजस्व महा अभियान डेशबोर्ड का संचालन किया जा रहा है। डेशबोर्ड में राज्य स्तर, जिला स्तर और तहसील स्तर पर अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

महा अभियान में 31 सितम्बर की स्थिति में सीमा-पार लंबित 2 लाख 42 हजार 846 प्रकरणो में से 2 लाख 2 हजार 432 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। यह लक्ष्य का 83 प्रतिशत है, जिसमें नामांतरण के एक लाख 53 हजार 88 प्रकरणों में से एक लाख 37 हजार 947 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में सीहोर-निवाड़ी ने 100 प्रतिशत, झाबुआ-अनूपपुर ने 99 प्रतिशत और शिवपुरी ने 98 प्रतिशत लंबित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया है। बटवारा के 30 हजार 870 प्रकरणों में से 25 हजार 911 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। यह कुल निराकृत प्रकरणों का 84 प्रतिशत है। झाबुआ, सीहोर, रायसेन और निवाड़ी ने 100 प्रतिशत एवं शिवपुरी जिला ने बटवारा के लंबित प्रकरणों में से 99 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया है। सीमांकन के 32 हजार 25 लंबित प्रकरणों में से 25 हजार 321 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। अनूपपुर, अशोकनगर, अलीराजपुर, गुना और छिंदवाड़ा में लंबित बटवारा के 100 प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण करने में सफलता प्राप्त की है। अभिलेख दुरूस्ती के 26 हजार 863 लंबित प्रकरणों में से 13 हजार 253 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। विदिशा, सीहोर ने 100 प्रतिशत, छतरपुर ने 91 प्रतिशत, मैहर ने 90, और बुरहानपुर जिला ने 88 प्रतिशत अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने में सफलता पाई है।

राजस्व महा अभियान के दौरान ढाई लाख से अधिक नवीन प्रकरण भी दर्ज किये गये, इनमें से एक लाख 35 हजार प्रकरणों का निराकरण भी किया जा चुका है। अब तक कुल 3 लाख 35 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। राजस्व महा अभियान में नक्शा तरमीम का कार्य भी जिलों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। सभी जिलों ने बी-1 के वाचन का कार्य पूरा कर लिया है।

भोपाल मास्टर प्लॉन का नया ड्रॉफ्ट 2047 की आबादी को ध्यान में रखकर तैयार होगा

भोपाल/नवप्रदेश। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि राजधानी भोपाल का मास्टर प्लॉन जन-प्रतिनिधियों के दिये गये सुझाव के आधार पर तैयार किया जायेगा। यह मास्टर प्लॉन वर्ष 2047 की आबादी को ध्यान में रखकर तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजधानी का सुव्यवस्थित विकास हो और नागरिकों को सभी बुनियादी सुविधाएँ सुलभ तरीके से मिल सके, इसके लिये सभी आवश्यक प्रावधान किये जायेंगे। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय आज मंत्रालय में भोपाल मास्टर प्लॉन के ड्रॉफ्ट के संबंध में बुलाई गई बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री आतिफ अकील, पूर्व विधायक श्री ध्रुव नारायण सिंह, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शर्मा और प्रमुख सचिव श्री नीरज मण्डलोई भी मौजूद थे।

नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि भोपाल के तालाब विशेष रूप से बड़ा तालाब राजधानी की लाइफ लाइन माना जाता है और भोपाल आने वाले पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र रहता है। तालाब और भोपाल की पुरातत्वीय विरासत को संरक्षित करते हुए मास्टर प्लॉन में प्रावधान किये जायेंगे। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से कहा कि राजधानी भोपाल का पृथक से ट्रेफिक प्लॉन तैयार किया जायेगा। इसमें सड़कों की पर्याप्त चौड़ाई, फ्लॉय-ओवर और मेट्रो सेवा के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

मास्टर प्लॉन के लिये गये निर्णय के प्रमुख बिन्दु

भोपाल मास्टर प्लॉन का नये सिरे से ड्रॉफ्ट तैयार किया जायेगा।

सम्पूर्ण प्रक्रिया दिसम्बर-2024 तक पूर्ण की जायेगी।

पूर्व के मास्टर प्लॉन के ड्रॉफ्ट में प्राप्त करीब 5 हजार से अधिक आपत्तियों को ध्यान में रखकर नवीन ड्रॉफ्ट मई-2024 में प्रकाशित किया जायेगा।

30 प्रतिशत कम्पाउंडिंग नगद भुगतान पर करने के लिये अगस्त-2024 तक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

नवीन मास्टर प्लॉन अब वर्ष 2031 के स्थान पर वर्ष 2047 तक की आवश्यकताओं के आधार पर बनाया जायेगा। मास्टर प्लॉन का प्रजेंटेशन आयुक्त टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग श्री श्रीकांत भानोत और ज्वाइन डायरेक्टर श्रीमती सुनीता सिंह ने दिया।

मुख्यमंत्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से की दूरभाष पर चर्चा

उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रुम का किया निरीक्षण

आवेदक नवीन माथु को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

नवीन के पिता पैरालिसिस की समस्या से हैं पीडित

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कमांड एंड कंट्रोल रूम में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी ली और उनके निराकरण की स्थिति भी देखी। इस दौरान उन्होंने रेंडमली चयन कर सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव को ग्राम पंचायत अजीमाबादपारदी निवासी सुनैना ने बताया कि उनकी बेटी को लाडली लक्ष्मी योजना की राशि प्राप्त नहीं हो रही हैं। उन्होंने सुनैना को आश्वत किया कि शिकायत के निराकरण के साथ ही आपको हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्राम पंचायत अक्याजस्सा निवासी नवीन माथु ने बताया कि उनके पिताजी पैरालिसिस की समस्या से पीड़ित है। बैंक द्वारा उनका खाता भी बंद कर दिया गया है जिनसे उन्हें राशि निकालने में समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नवीन माथु से कहा कि आपकी समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव आवेदक नवीन माथु से स्मार्ट सिटी कार्यालय में मिले और विस्तार से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नवीन को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। सहायता राशि को लेकर नवीन माथु ने मुख्यमंत्री का आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम में अन्य विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया और कंट्रोल रूम का प्रभावी ढंग से क्रियान्वन करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, विधायक सतीष मालवीय, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ मृणाल मीना ,नगर निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधी उपस्थित थे।

निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का दूसरा चरण 25 फरवरी को

बैरागढ़/नवप्रदेश। निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल- स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण में निरंकारी मिशन बैरागढ़ द्वारा रविवार 25 फरवरी 2024 को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक झूलेलाल विसर्जन घाट के सामने गुलाब उद्यान के समीप तालाब की साफ सफाई करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ 25 फरवरी, 2024, रविवार को प्रातः 08:00 बजे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में दिल्ली में यमुना छठ घाट, आई. टी. ओ. पर किया जाएगा ।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी ने बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की जायेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके।

उल्लेखनीय है कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई। पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गये इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई और यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा।

दिल्ली में इस अभियान को 'आओ सवारें, यमुना किनारे' के नारे द्वारा विस्तृत किया जा रहा है जिसमें निरंकारी मिशन के युवागण, दिल्ली, इंद्रप्रस्थ एवं जे एन यू विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज संस्थानों में जाकर जल संरक्षण पर गीतों की प्रस्तुति, जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता को ग्रुप सांग, सेमिनार एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनमानस को जागृत एवं प्रोत्साहित कर रहे हैं।

संत निरंकारी मिशन सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, तलासरी बांध परियोजना, वननेस वन, पर्यावरणीय मुद्दों के विषय में जागरूकता इत्यादि जैसी योजनाओं को क्रियान्वित रूप में संचालित कर रहा है। निसंदेह निरंकारी मिशन की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को सुंदर बनाने हेतु एक प्रशंसनीय एवं सराहनीय कदम है जिस पर चलकर धरती को ओर अधिक स्वच्छ, निर्मल एवं सुंदर बनाया जा सकता है।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल 24वें क्रिकेट टुर्नामेंट का आरम्भ, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा से दिनांक 25 फरवरी, दिन रविवार को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में समूचे देश के अनेक राज्यों से प्रतिभागीगण सम्मिलित होकर अनुशासन, मर्यादा एवं सहनशीलता का सुंदर परिचय देते हुए एकत्व के दिव्य संदेश को प्रसारित कर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे।

बैरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों के पहुंचने की अपील की गई है । साफ सफाई अभियान की पुख्ता व्यवस्थाएं बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महेश वीधानी, संचालक अशोक नाथानी, सहायक संचालिका निशा टेकवानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी सहित सेवादल के भाई - बहनों द्वारा की जाएगी ।

नई सोच, युवा नेतृत्व और अनुशासित संगठन की दिशा में हमें चलने की आवश्यकता है : जीतू पटवारी

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने आज शाजापुर पहुंचकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर स्थानीय सभी पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। श्री पटवारी ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक न्याय की भावना के साथ राहुल गांधी जी यह यात्रा कर रहे हैं जिसे हम सबको मिलकर सफल बनाना है।

श्री पटवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आज हमें नई सोच, युवा नेतृत्व और अनुशासित संगठन की दिशा में चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि आज हमें पंचायत स्तर तक हमारे संगठन को सक्रिय करने की आवश्यकता है तथा यह भी सुनिश्चित करना है कि उस पंचायत स्तर पर भी हम कोई मीटिंग करें तो उसमे 40 प्रतिशत महिलाओं की उपस्थिति हो एवम वो हमारी बात को सुन सकें। इसके साथ-साथ युवा नई सोच का नेतृत्व जो तकनीकी कुशलता के साथ उपयोग कर सके ऐसे लोगों को आगे लाने की आवश्यकता है।

औद्योगिक विकास के लिए निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेले की तैयारियाँ पूर्ण करें

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेले की तैयारियों में गति लाएं। सुनियोजित और सुव्यवस्थित ढंग से समस्त आयोजन किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव अर्थात समिट के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। उज्जैन सहित पूरे प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को समिट का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन के स्मार्ट सिटी कार्यालय में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इन्हें साकार किया जाएगा। आगामी एक और दो मार्च को उज्जैन की इन्वेटर्स समिट के आधार पर पूरे प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्र के उद्योगों की स्थापना की संभावनाएं प्रबल होंगी। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आमंत्रित करने के लिए यह समिट हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडस्ट्रियल समिट के बेहतर आयोजन के लिए अन्य संभावनाएं भी तलाशें। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राजा विक्रमादित्य न्याय के प्रतीक थे। विक्रमोत्सव में न्याय पर आधारित कार्यक्रम को भी शामिल किया जाएं। होली के अवसर पर भव्य गैर का भी आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि उज्जैन की कोठी पैलेस के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर पैलेस को स्वावलंबी बनाएं। कॉन्फ्रेंस हॉल, रूफटॉप रेस्टोरेंट, सुविधाजनक पार्किंग व्यवस्था भी प्लान करें। बैठक में कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रमों की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 मार्च को प्रातः 10ः 30 बजे कालिदास अकादमी, उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेला, विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण एवं वीर भारत संग्रहालय का शिलान्यास कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में है। उज्जैन में उज्जयनी विक्रम व्यापार मेले के मुख्य आकर्षणों गैर परिवहन वाहनों तथा छोटे परिवहन वाहनों पर पंजीयन शुल्क एवं रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट,इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, विभिन्न कम्पनियों के गैर परिवहन वाहनों एवं परिवहन वाहनों, गारमेन्टस एवं अन्य उपकरणों का उचित मूल्य पर विक्रय विशिष्ट व्यंजनों से संबंधित स्टॉल्स शामिल हैं। सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम भी होंगे। मेले में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र और कुटीर एवं ग्रामोद्योग के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। उज्जयनी विक्रम व्यापार मेले के अंतर्गत ऑटोमोबाइल्स इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फूड जोन का कार्यक्रम दशहरा मैदान, व्यवसायिक दुकानें, ऑटोमोबाइल्स झूला एवं फूड जोन पीजीबिटी मैदान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम कालिदास अकादमी त्रिवेणी संग्रहालय एवं पॉलिटेक्निक मैदान में प्रस्तावित किए गए हैं। उज्जैन व्यापार मेला में भाग लेने वाले प्रमुख ऑटोमोबाइल्स इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों में प्रमुख रूप से महिंद्रा, टाटा मोटर्स, हुंडई, यामाहा, नेक्सा, रॉयल एनफील्ड, हीरोहोंडा, सैमसंग, पैनासोनिक, एचपी,डेल मारुति सुजुकी आदि शामिल हैं।

कृषि विभाग की कार्रवाई : अमानक बीज विक्रय करने पर 8 कृषि आदान दुकानों के लाइसेंस निलंबित

सिवनी/नवप्रदेश। जिले के बीज निरीक्षक ने बीज विक्रेता संस्थानों से विभिन्न फसलों के बीजों के नमूने लिए थे। परीक्षण प्रयोगशाला से परीक्षण कराया गया। प्रयोगशाला से प्राप्त परिणाम में 7 कृषि आदान दुकानों से लिए गए बीजों के नमूने मानक स्तर से कम पाए गए। इनमें अनुष्का कृषि केंद्र लखनादौन का फसल सरसों किस्म 7701 , बालाजी कृषि केंद्र छपारा, फसल सरसों, किस्म ढ्ढस्क्क 185 , चित्रांश कृषि केंद्र लखनादौन, फसल गेहूं किस्म HI-8759, गोल्हानी ब्रदर्स लखनादौन फसल गेहूं किस्म रुश्चद्य-1, GW 322 , मां अन्नपूर्णा कृषि केंद्र भीमगढ़ फसल गेहूं GW 322, मां अम्बे बीज भंडार सिवनी, फसल गेहूं, किस्म HI-1544 और वंसुधरा कृषि केंद्र लखनादौन, फसल गेहूं, किस्म GW 322 शामिल हैं। उपसंचालक कृषि मोरीश नाथ ने बताया कि बीजों का अंकुरण मानक स्तर से कम होने से संबंधित संस्थानों के अनुज्ञप्ति पत्र निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसी तरह विक्रेता संस्थान योगेन्द्र कृषि केंद्र बरघाट, फसल मक्का, किस्म हाईब्रिड सीड्स 1001 की शिकायत कृषकने की, जिसके कारण

44 करोड़ की राशि से शासकीय नर्सरियों का सुदृढ़ीकरण होगा : मंत्री कुशवाह

एक जिला-एक नर्सरी योजना के अंतर्गत होगा सुदृढ़ीकरण

भोपाल/नवप्रदेश। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में शासकीय नर्सरी को सुदृढ़ बनाया जायेगा, इसके लिये एक जिला-एक नर्सरी योजना के तहत 44 करोड़ रूपये खर्च किया जाएगा। उन्होंने यह बात मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की समीक्षा बैठक में कही।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आज के दौर में फूल उत्पादन और व्यापार काफी लोकप्रिय है। बड़े और मझौले शहरों के साथ छोडे कस्बों में भी फूल का उत्पादन और विक्रय लाभकारी है। श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी विभाग द्वारा जिला और तहसील स्तर पर शासकीय नर्सरी का संचालन किया जा रहा है। लेकिन आज प्रतिस्पर्धा के दौर में नर्सरियां सुदृढ़ बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा 6 करोड़ 88 लख रूपये से पूर्व की नर्सरियों में मरम्मत पर तथा 37 करोड़ 30 लाख रूपये के नवीन

प्रस्ताव तैयार किये गये है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जायेगा। ग्वालियर में एक करोड़ से कराया जा रहा है नर्सरी का निर्माण

उद्यानिकी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये ग्वालियर जिले के ग्राम बेहता में नवीन नर्सरी का निर्माण करवाया जा रहा है। बेहता की नर्सरी सभी आधुनिक सुविधाओं एवं तकनीकों से परिपूर्ण होगी।

पर ड्रॉप मोर क्रॉप

माइक्रो इरीगेशन योजना के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2023-24 में 29 करोड़ 86 लाख रूपये का आवंटन प्राप्त हुआ है इसके विरूद्ध अभी तक 15 करोड़ 85 लाख रूपये के कृषि उपकरण कृषकों को उपलब्ध कराये जा चुके है।

बैठक में प्रमुख सचिव उद्यानिकी श्री सुखवींर सिंह, कमिश्नर उद्यानिकी श्री एल. सेलवेन्डम सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सुविचार

वक्त ही अपने और पराए तय करता है। वक्त अच्छा हो तो पराए भी अपने। वक्त खराब हो तो अपने भी पराए। - अज्ञात

संपादकीय

देर आयद दुरूस्त आयद

दो माह बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर देने के लिए आईएनडीआईए की रूकी हुई गाड़ी अब चल पड़ी है। कभी हां कभी न करते हुए कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे की गुत्थी आखिरकार सुलझा ली गई। देर से ही सही लेकिन आईएनडीआईए ने दुरूस्त कदम उठा लिया है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो गई है। शेष 63 सीटें समाजवादी पार्टी के और उसके सहयोगी दलों के खाते में गई है। इसके साथ ही कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को मध्यप्रदेश की एक सीट देने का भी निर्णय लिया है उत्तरप्रदेश में कांग्रेस की पुस्तैनी सीट मानी जानी वाली रायबरेली और अमेठी संसदीय सीट कांग्रेस के हिस्से में गई है। इस उत्तरप्रदेश में आईएनडीआईए अब मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा यह बात अलग है कि वह आईएनडीआईए चुनौती देने में कितना सफल होगा। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच में भी सीटों के बंटवारे को लेकर खींचतान चलती रही है। पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को एक भी सीट देने के लिए तैयार नहीं थी लेकिन अब वह चंडीगढ सीट कांग्रेस को देने के लिए सहमत हो गई है। इसी तरह आम आदमी पार्टी नई दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक सीट कांग्रेस को देना चाहती थी लेकिन अब वह 3 सीटें देने के लिए अपनी सहमति दे चुकी है। इसके बदले कांग्रेस आम आदमी पार्टी को असम और हरियाणा में एक- एक सीट तथा गुजरात में दो सीट देने के लिए तैयार हो गई है। जाहिर है कांग्रेस ने सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सीट बंटवारे में बड़ा दिल दिखाकर बड़ी कुर्बानी दी है। महाराष्ट्र में ही महाअघाड़ी के साथ सीटों का बंटवारा लगभग तय हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शरद पवार के साथ इस बारे में चर्चा कर ली है। दो- चार दिनों के भीतर महाराष्ट्र में भी सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय हो जाएगा। कांग्रेस अब बंगाल में भी ममता बनर्जी के साथ सीटों के बंटवारे की कवायद कर रही है। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने पहले कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें देने का प्रस्ताव रखा था और उन्होंने आईएनडीआईए में शामिल वामपंथी दलों को एक भी सीट न देने की घोषणा की थी। जब उनके प्रस्ताव पर कांग्रेस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो ममता बनर्जी ने बंगाल में सभी सीटें अकेले लड़ने की घोषणा कर दी थी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस और वामपंथी दलों को कितनी सीटें देने के लिए तैयार होती है। बहरहाल आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे का मामला अब सुलझने लगा है। जो आईएनडीआईए के लिए अच्छा है। अब लोकसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है। इसलिए देश के सभी राज्यों में आईएनडीआईए को सीटों का बंटवारा जल्द करना होगा। ताकि उन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा सकें। और वे चुनावी तैयारी में लग सके। अभी तक तो एनडीए ही चुनावी तैयारी में आगे बना हुआ है। आईएनडीआईए अभी तक सीटों का बंटवारा ही नहीं कर पाया था। अब इसकी पहल हो गई है। इससे अब वह मुकाबले में आ सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए की अन्य राज्यों में भी यह गठबंधन जल्द से जल्द सीटों के बंटवारे का फार्मूला ढूंढ लेगा और सभी जगह आईएनडीआईए में शामिल घटक दलों के बीच साझा रणनीति बनाने पर और एकजुट होकर चुनाव लड़ने की रणनीति पर सहमति बन जाएगी। यह काम जितनी जल्दी होगा आईएनडीआईए के भविष्य के लिए उतना ही अच्छा होगा।

आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प जरूरी

छत्तीसगढ़ में छोटे बच्चों के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प करना अब और ज्यादा जरूरी हो गया है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालना केन्द्र बनाए जाएंगे और उसे नर्सरी स्कूल के तर्ज पर चलाया जाएगा। उनका कहना है कि अब प्रदेश की कामकाजी महिलाएं अपने छह माह से लेकर छह साल के बच्चों को आंगनबाड़ी में छोड़कर अपने काम पर जा सकेंगी। इन छोटे बच्चों का आंगनबाड़ियों में पूरा ध्यान रखा जाएगा और उन्हें पोषण आहार भी प्रदान किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में प्रदेश की लगभग डेढ़ हजार आंगनबाड़ियों में पालना केन्द्र बनाए जाएंगे। बाद में इसका विस्तार किया जाएगा। निश्चित रूप से विष्णुदेव साय सरकार का यह सराहनीय कदम है किन्तु आंगनबाड़ी केन्द्रों को इसके उपयुक्त बनाने के लिए सबसे पहले तो आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प करना जरूरी है। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जो आंगनबाड़ी संचालित हो रही हैं। वहां आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। वर्तमान में 3 साल के बच्चों को इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में दो से तीन घंटे तक रखा जाता है और पोषण आहार दिया जाता है। जब इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालना केन्द्र बन जाएंगे तो वहां पर छोटे बच्चों को संभालने के साथ ही उन्हें पोषण आहार उपलब्ध कराना और वह भी मात्र एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के भरोसे बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। राज्य सरकार को इस बारे में भी वृहद कार्य योजना बनानी होगी।

संदेशखाली : ममता की नफ़रत का प्रतीक

प्रवीण गुगनानी

सबसे दुर्भाग्यजनक व लज्जाजनक बात यह है कि नारी मुख्यमंत्री वाले इस राज्य में इन मुस्लिम पीड़ित महिलाओं की शिकायत थाने में लिखी ही नहीं जा रही है, उन्हें चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है। हां, अपराधियों पर कार्यवाही करने के स्थान पर आरएसएस के स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं पर सतत-निरंतर मुकदमें लादे जा रहें हैं। बंगाल के चौबीस परगना, दक्षिण चौबीस परगना, उत्तरी दिनाजपुर, दक्षिणी दिनाजपुर, मुर्शिदाबाद, मालदा, नादिया, हुगली आदि मुस्लिम बहुल क्षेत्र तो जैसे मुस्लिम आतंक के गढ़ बन गये हैं। यहां हिंदू धर्मावलम्बियों का साँस लेना दूभर-दुष्कर-दुर्गम हो चुका है। इन क्षेत्रों में तो तुर्रा यह है कि यहां मुस्लिम अपराधियों को राजकीय दिये जाने का अघोषित नियम लागू दिखाई पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि चोरी ऊपर से सीना जोड़ी करते हुए ममता के गुंडे कार्यकर्ता टीवी चैनलों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने पर देख लेने की खुली चुनौती दे रहे हैं। यह चुनौती भद्दी, अमर्यादित व असंसदीय भाषा में दी जा रही है। गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर के सोनार बांग्ला से ऐसे आसुरी सुर निकलना किसी बड़े ख़तरे की आशंकाएं उपजाता है।

संदेशख़ाली, पश्चिम बंगाल में हाल ही के महिला यौन उत्पीड़न को लेकर जो समाचार आ रहे हैं उन सबके अतिरिक्त सच और भी है। सच यह है कि संदेशखाली के आसपास की चौदह में से आठ विस क्षेत्र अनुसूचित व जनजातीय वर्ग हेतु आरक्षित हैं। सच यह यह भी है कि इन चौदह संवेदनशील विधानसभाओं की सीमा बांग्लादेश से सटी हुई है। सच यह भी है कि यह मानव तस्करी अर्थात् ह्यूमन ट्रेफ़िकिंग के धंधे का गढ़ बना हुआ है। सच यह भी है कि तृणमूल ने भारत भर में रोहिंग्याओं, आतंकियों, घुसपैठियों, तस्करों को प्रवेश देने हेतु इस क्षेत्र को सुरक्षित ÷इंडिया गेट÷ बनाया हुआ है। संदेशखाली की इस घटना की पृष्ठभूमि में यह संदेश भी है कि प.बंगाल किस प्रकार मानव तस्करी व हिंदू कन्याओं के अपहरण व उन्हें सीमापार पहुँचा देने का गढ़ बना हुआ है। हिंदू कन्याओं को पहले यौन उत्पीड़न के जाल में फंसाना और फिर वीडियो आदि के माध्यम से उन्हें ब्लैकमेल कर सीमा पार बेच देने में तृणमूल के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। हाल ही की घटना में ममता बनर्जी के प्रिय शेख़ शाहजहां की प्रत्यक्ष संलिप्तता इसका ज्वलंत व प्रामाणिक उदाहरण है।

मुस्लिम तुष्टिकरण में कांग्रेस से होड़ लगाती हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ममता को शेख़ शाहजहां की जेब में रेहन रख छोड़ा है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते ममता बनर्जी से महिला तस्करी, उत्पीड़न, बलात्कार संबंधित मामलों में जो सक्रियता दिखनी चाहिये थी उसका सहस्त्रांश भी उनकी कार्यशैली में देखने को नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में आज महिलाएं सर्वाधिक असुरक्षित आभास कर रही हैं। एक सर्वे में यही बात देखने में आई है। 19 राज्यों के 18,267 परिवारों के मध्य कराये गये एक सर्वे में निष्कर्ष आया कि पश्चिम बंगाल के 72.9त्न लोग बंगाल में असुरक्षित आभास करते हैं। सर्वे में लोगों ने कहा कि रात्रि में तो बंगाल घोर असुरक्षित हो जाता है। इस भयंकर व बर्बर सांख्यिकी को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा दी गई सांख्यिकी पुष्ट-संपुष्ट करती है। महिलाओं के लापता होने की दृष्टि से भी पश्चिम बंगाल अव्वल बना हुआ है। दुखद तथ्य है कि, पश्चिम बंगाल से वर्ष 2016-17-18 में क्रमशः पच्चीस हज़ार, अट्ठाईस हज़ार व इकत्तीस हज़ार महिलाएं लापता हुई हैं। ये सांख्यिकी चीख-चीख कर हमारे सभ्य समाज से कुछ कह रही है!! एक महिला मुख्यमंत्री का राज्य महिलाओं के विरुद्ध अनाचरण अपराध मामले में अव्वल बना हुआ है। एनसीआरबी के अनुसार, प.बंगाल में वर्ष 2020 में महिलाओं के विरुद्ध छत्तीस हज़ार मामले दर्ज हुए थे। डर, भय, दबाव, के कारण हज़ारों मामले समाज व पुलिस में दर्ज नहीं हो पाये उनकी गिनती भी भयंकर जान पड़ती है। गौ तस्करी, हिंदू कन्या तस्करी, लूटपाट, हत्या, फिरौती, अड़ीबाज़ी के इन अपराधों में लगभग सभी मुस्लिम अपराधी ही संलिप्त रहते हैं। पश्चिम बंगाल में समूचे करेलों अर्थात अपराधियों पर ममता रूपी करेला चढ़ा हुआ है; फलस्वरूप यहां अपराध व अपराधी दोनों सिर चढ़कर बोलते दिखाई पड़ते हैं। तुर्रा यह रहा कि संदेशख़ाली मामले के मुख्य आरोपी, ममता बनर्जी के ख़ासमख़ास समर्थक शेख़ शाहजहां ने मामले की जांच करने हेतु बंगाल पहुंची ईडी की टीम पर ही प्राणघातक हमला करवा दिया। ममता के ख़ास शेख़ शाहजहां का इडी पर हमला इतना प्रहारक था कि कड़ी सुरक्षा के मध्य गई हुई इडी की टीम को चोटिल व लहुलुहान होकर वापिस लौटना पड़ा। सदा की तरह टीम ममता इडी के जांच दल को घायल करके बिना जांच के वापिस भेजने में सफल रही है। जनता नाराज़ है, अपराधी स्वतंत्र और सीनाज़ोर हैं और ममता सरकार लजाने-शर्माने के स्थान पर मुस्लिम तुष्टिकरण व अपराध संरक्षण पर तुली हुई है।

संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं जो कह रही है वह हमारे शासन तंत्र को शर्मिंदा कर देने हेतु पर्याप्त हैं। इस क्षेत्र की महिलाएं बताती हैं कि कि तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं और सुंदर महिलाओं को उठाकर पार्टी ऑफिस ले आते हैं और फिर महीनों रखकर इनका शोषण करते हैं।

आश्चर्यजनक रूप से पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से यह लज्जाजनक व्यक्तव्य आता है कि - उन्हें संदेशखाली क्षेत्र में कोई भी महिला बलात्कार, यौन उत्पीड़न आदि की शिकायत नहीं मिली है। शासकीय तंत्र के आतंक का यह भीषण जलजला देखिए। जांच में तथ्य सामने आ रहे हैं कि तृणमूल के कार्यकर्ता व शेख़ शाहजहां के गुंडे नौकरी देने के नाम पर, भयभीत करके, आर्थिक लालच देकर यहां की लड़कियों को ले जाते हैं। महिलाओं को पार्टी में ऊंचा पद देने आदि के लोभ देकर भी उन्हें फुसला ले जाते हैं और फिर उनके शोषण, ब्लैकमेल आदि का अनवरत क्रम प्रारंभ हो जाता है।

पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री वाली सरकार की संवेदनशीलता व निर्लज्जता की स्थिति यह है कि बशीर हाट के एसपी मेहंदी हुसैन जैसे अधिकारियों को आगे करके समूचे मामले को शासकीय व पुलिसिया आतंक से समाप्त कराने का प्रयास किया जाता है।

सबसे दुर्भाग्यजनक व लज्जाजनक बात यह है कि नारी मुख्यमंत्री वाले इस राज्य में इन मुस्लिम पीड़ित महिलाओं की शिकायत थाने में लिखी ही नहीं जा रही है, उन्हें चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है। हां, अपराधियों पर कार्यवाही करने के स्थान पर आरएसएस के स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं पर सतत-निरंतर मुकदमें लादे जा रहें हैं। बंगाल के चौबीस परगना, दक्षिण चौबीस परगना, उत्तरी दिनाजपुर, दक्षिणी दिनाजपुर, मुर्शिदाबाद, मालदा, नादिया, हुगली आदि मुस्लिम बहुल क्षेत्र तो जैसे मुस्लिम आतंक के गढ़ बन गये हैं। यहां हिंदू धर्मावलम्बियों का साँस लेना दूभर-दुष्कर-दुर्गम हो चुका है। इन क्षेत्रों में तो तुर्रा यह है कि यहां मुस्लिम अपराधियों को राजकीय दिये जाने का अघोषित नियम लागू दिखाई पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि चोरी ऊपर से सीना जोड़ी करते हुए ममता के गुंडे कार्यकर्ता टीवी चैनलों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने पर देख लेने की खुली चुनौती दे रहे हैं। यह चुनौती भद्दी, अमर्यादित व असंसदीय भाषा में दी जा रही है। गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर के सोनार बांग्ला से ऐसे आसुरी सुर निकलना किसी बड़े ख़तरे की आशंकाएं उपजाता है।

आज का इतिहास

1822 में आज ही के दिन दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ था। 1882 में 24 फरवरी के दिन ही संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान की गई थी। 1918 में आज ही के दिन एस्टोनिया रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1924 में 24 फरवरी के दिन ही महात्मा गांधी जेल से रिहा हुए थे। 1942 में आज ही के दिन वॉयस ऑफ अमेरिका में प्रसारण शुरू हुआ था। 1960 में 24 फरवरी के दिन ही अमेरिका ने ओलंपिक हॉकी फाइनल में 9-1 से हराकर जर्मनी को हराया था। 1971 में आज ही के दिन अल्जीरिया फ्रांसीसी तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण हुआ था। 1979 में 24 फरवरी के दिन ही उत्तर और दक्षिण यमन के बीच युद्ध शुरू हुआ था। 1984 में आज ही के दिन इराक के ईरान पर हवाई हमले शुरू हुआ था। 1986 में 24 फरवरी के दिन टेक्सास एयर पूर्वी एयरलाइंस को 676 मिलियन डॉलर में खरीदा है। 1996 में आज ही के दिन मेग मॉलोन ने एलपीजीए कप ओ 'नूडल्स हवाईयन लेडीज गोल्फ ओपन जीता था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पंछियों के पास हवाएं हैं

पंछियों के पास हवाएँ हैं लहरों के पास किनारा,तू चला गया क्यों दूर, मैं कब तक राह तकूँ तेरी यारा ! मेरे दिल की ज़मीं पर यक़ीं उगा साँसों ने पिया सहारा तू इधर दिखे, तू उधर दिखे तू नज़र बना मेरी यारा !!

कविता माथुर

कभी कभी स्त्री क्या चाहती है सड़क पर

कभी कभी स्त्री क्या चाहती है सड़क पर भागती बस में सीट पर बैठे किसी यात्री की तरह ठहरा हुआ सा मन आपाधापी से भरे जीवन में यही तो हैं कुछ उसके अपने सुकून भरे क्षण।

प्रेरणा गुप्ता

ख़ास पाती | स्मृतियां भी नाराज होती हैं

स्मृतियां भी नाराज होती है ठीक वैसे ही जैसे नदी साहिल से और सितारें आसमान से नाराज हो जाते हैं। तभी तो नदी कभी-कभी तटबंध तोड़कर आगे तक बह जाती है और आसमान से छूटकर सितारे टूट जाते हैं??। ठीक इसी तरह एक दिन यादें अलविदा कह जाती हैं और वहां शून्य पसर जाता है।

शोभा गोयल

राम नाम का मैं अनुरागी भजन करूँ नित

राम नाम का मैं अनुरागी,भजन करूँ नित हूँ बड़भागी। राम शरण में शीश झुकाया,भक्त रूप में हनुमत पाया ॥ सीता मैया संग विराजे, लखन वीर सह हनुमत साजे । राम नाम की महिमा गाना, छूटेगा यह आना जाना ॥ राम नाम जो महिमा गाई, सदा मिलें हैं श्री रघुराई। धर्म सनातन यही सिखाता, छूट यहीं है यह सब जाता ॥ पापों की गठरी जो ढ़ोता, अंत समय में वह है रोता । अपना जानो एक सहारा, राम नाम से मिले किनारा ॥

सुमन ओमानिया

लोग करते थे पहले सभी का लिहाज

लोग करते थे पहले सभी का लिहाज़ । अब नहीं है किसी को किसी का लिहाज़ ।। आपको जब नहीं है किसी का लिहाज़। क्यूँ करे फिर कोई आप ही का लिहाज़ ।। दौर कितना बुरा आ गया दोस्तो । आदमी को नहीं आदमी का लिहाज़ ।। शुक्रिया आपने बात मानी मेरी । रख लिया आपने दोस्ती का लिहाज़ ।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो। **कमलकान्त डोंगरे**

आज हर विज्ञापन म टुरी ला जरूर दिखाये जाथे

आज हर विज्ञापन म टुरी ला जरूर देखाये जाथे, पनही के विज्ञापन म एमन मुड़ी ला बड़ मटकाथे। लाई बरी के दुकान घलो विज्ञापन ले चलथे गा , खरीदैय्या मन घलो दिमाग के बोझा कहां उठाथे। करीना,कैटरिना हा बस एक घो आंखी चपकीस, तहां ले आदमी खीसा के इज़्ज़त कहां बचा पाथे। बिग्यापन से ही अब बर बिहाव घलो होवत हवय, मंदिर अउ कतको धाम, बिग्यापन ले भीड जुटाथे।

संजय दानी

अब्बड़ सुघ्घर हे हमर भाषा छत्तीसगढ़ी

अबड़ सुघ्घर हे हमर भासा छत्तीसगढ़ी आमा अमली कस मिठाथे सुनके मोर मीठ बोली संगवारी मोला निचट फोन म गोठियाथे कान म सटाये सटाये नींद मोला आ जाथे बिहनिया के बेरा म रोजे मोला मया के गोठ सुनाथे जय जोहार राम राम कहिके अपन काम बुता म जाथे। **लक्ष्मी नारायण लहरे**

धडकनें हैं तेज़ आँखों में हैं आँसू भरे

धडकनें हैं तेज़ आँखों में हैं आँसू भरे अब हमें अपनों से ही भिड़ना पडेगा देख रे सामने हैं बाप हाज़िर शासक का फ़रमान है बेटे के हाथों तमाचा बाप पर पडेगा देख रे किसान और जवान भिड़ेंगे यह शगुन अच्छा नहीं है एक घायल होगा , दूजा करेगा मिल के रोना पडेगा देख रे सांस फूली हैं धरती की किस तरह राहत मिले दामन दागी खून से फिर धरती का सजेगा देख रे।

केदार नाथ शब्द मसीहा

प्रेरक प्रसंग

आत्महत्या पाप

महर्षि रमण के आश्रम के समीपवर्ती गाँव में एक अध्यापक रहते थे। एक बार अपने कौटुंबिक जीवन से वे अत्यधिक क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने की बात सोचने लगे। किसी निर्णय पर पहुँचने से पहले उन्होंने महर्षि की सम्मति जाननी चाही। अतः एक दिन वे आश्रम पहुँचे। स्वामी जी आश्रमवासियों के भोजन के लिए पत्तलें बना रहे थे। स्वामी जी अध्यापक के आने का अभिप्राय समझ गए। अध्यापक महोदय उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- भगवन् ! आप इन पत्तलों को इतने परिश्रम के साथ बना रहे हो और आश्रमवासी इनमें खाना खाकर फेंक देंगे।÷ महर्षि मुस्कराते हुए बोले-सो तो ठीक है, वस्तु का पूर्ण उपयोग हो जाने पर उसे फेंक देना बुरा नहीं, बुरा तो तब है, जब उसे अच्छी अवस्था में ही खराब करके फेंक दिया जाए।÷ अध्यापक स्वामी जी के अभिप्राय को समझ गए और आत्महत्या करने का इरादा छोड़ दिया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:01, सूर्यास्त : 06:20, चन्द्रोदय : 17:10

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : वसंत, शक सम्वत: : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: : 2080 (पिंगल), मास : माघ

पक्ष : शुक्ल, तिथि : पूर्णिमा, नक्षत्र : मघा, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : वणिज (15:33 तक), द्वितीय करण : विष्टि (28:45 तक),

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह (19:25 से), मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी),राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:53, अमृत काल : 17:39 से 19:25, रवियोग : 06:50 से 19:25, विजय मुहूर्त : 14:24 से 15:09, गोधूलि मुहूर्त : 18:08 से 18:34, सायाह्न सन्ध्या : 18:11 से 19:27, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:55, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:21 से 16:46, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : मृत्यु (15:33 से 28:45)।

QUIZ TIME

1) नए संसद भवन का क्षेत्रफल लगभग कितना है?

2) पर्यावरणीय निश्चयवाद के प्रतिपादक कौन थे?

3) कितने दिनों की यात्रा करने के बाद चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग होगा?

4) अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा किस सागर से गुजरती है?

5) यू मस्ट नो योर कॉन्स्टिट्यूशन के लेखक कौन है जिनका हाल ही में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 64500 वर्ग मीटर (2) कार्ल रिटर (3) करीब 40 से 50 दिन (4) अटलांटिक सागर एवं प्रशांत महासागर (5) फ्रांसीस नरीमन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन भी प्रतिकूल रहने वाला है क्रोधी स्वभाव पर नियंत्रण रखें अन्यथा परिणाम गंभीर भी हो सकते है।

वृषः आज के दिन आपका स्वभाव अत्यंत जिद्दी रहेगा अपनी बात को मनवाकर ही दम लेंगे घर के सदस्यों के प्रति व्यवहार में कटुता रहेगी।

मिथुनः आज आप दिनभर आलस्य से भरे रहेंगे दिनचर्या धीमी गति से चलेगी। दिन के आरंभ से ही प्रत्येक कार्य में टालमटोल करेंगे।

कर्कः आज के दिन आपका ध्यान काम।की बातों को छोड़ या तो मौज मस्ती में रहेगा अन्यथा एकांत में रहना पसंद करेंगे।

सिंहः आज के दिन भी आपको सावधान रहने की सलाह है आज आपकी आशा के एकदम विपरीत दिनचर्या रहेगी।

कन्याः आज के दिन आपके विचार कई दिनों बाद अन्य लोगो से मेल खाएंगे। सामाजिक क्षेत्र पर आपका व्यक्तित्त्व निखरा रहेगा।

तुलाः आज के दिन आपको घर के सदस्यों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के अनुभवियों से बहुत कुछ नया सीखने को मिलेगा। सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव लगा रहेगा आंख अथवा कमर कंधे संबंधित समस्या गहरा भी सकती है।

वृश्चिकः आज आपका मन थोड़ा उदासीन रहेगा कार्य व्यवसाय के कारण परिजनों को समय नही दे सकेंगे इस कारण मन दुखी भी होगा।

धनुः आज के दिन सेहत में सुधार आएगा लेकिन स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहने से आस पास के लोगो को परेशानी होगी।

मकरः आज का दिन घरेलू उलझनों को छोड़ अन्य विषयों में विजय दिलाने वाला रहेगा घर मे किसी सदस्य के कारण सामाजिक सम्मान में कमी आने की संभावना है।

कुंभः आज आपका ध्यान अनर्गल बातो में अधिक रहेगा दुसरो को सताने में आंनद आएगा लेकिन किसी की नाराजगी के बाद कि स्थिति से अनजान रहेंगे।

मीनः आज दिन का अधिकांश समय आलस्य में बीतेगा सेहत ठीक रहने पर भी काम करने से दूर भागेंगे ।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -343

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			ट्टू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

न्यूज गैलरी

खेलो इंडिया प्रशिक्षण खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 28 को

सक्ती/नवप्रदेश। भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अतंर्गत सक्ती जिले में '' खेलो इंडिया का फुटबाल लघु प्रशिक्षण केन्द्र रगजा में स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण केंद्र के लिए 18 बालक एवं 18 बालिका कुल 36 खिलाडियों का चयन किया जाना है। प्रशिक्षण केन्द्र के लिए खिलाडियों का चयन ट्रायल 28 फरवरी 2024 को सुबह 8 बजे से फुटबाल प्रशिक्षण केन्द्र रगजा में आयोजित किया गया है। जिन खिलाड़ियों की आयु 18 वर्ष से कम है, अर्थातः 2006 के बाद की जन्मतिथि वाले केवल सक्ती जिले के बालक या बालिका खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकते है। चयन ट्रायल हेतु कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण किट खेल सामग्री आदि की सुविधा भारत सरकार की गाइडलाईन के अनुरूप उपलब्ध करायी जायेगी। प्रशिक्षण केन्द्र में खिलाड़ियों के लिए सिर्फ डे-बोर्डिगं की सुविधा उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को सुबह शाम खेल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा।

चोरी के आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। स्थानियाहय पारा में स्थित छत्तीसगढ़ एजेंसी के संचालक मुकेश अग्रवाल अपने परिवार सहित वैवाहिक कार्यक्रम सम्मिलित होने नगर गए थे, जब वो 15 फरवरी को वापस लौटे तो जानकारी हुई, की उनके निर्माणाधीन घर में लगे वायर, जिसमे एक सबमरिस्बल, और इलेक्ट्रिकल वायर थे, को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है। तब उन्होंने सक्ति थाने में घटना की सूचना दी।पुलिस अधीक्षिका अधीक्षिका श्रीमती अंकिता शर्मा के निर्देश पर की चोरों का पता हर हालत में लगाया जाए,, एएसपी श्रीमती गायत्री सिंह के निर्देशन में सक्ति पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में ज्ञात हुआ कि कुंडनबाड़ी पोर्था का रहने वाला संदीप बंजारे कचरा पन्नी बिनने का काम करता है, जो घटना के समय वहां सुबह देखा गया था।उसे पकड़कर जब पूछताछ की गई, तो उसने अपने दो साथियों झितरा और चिकनु के साथ चोरी करना स्वीकार किया।चोरी के बाद झितरा और चिकनु रायगढ़ भाग गए हैं।चोरी किए वायर में से कुछ को उन्होंने फेरी वालों को बेच दिया थापुलिस ने आरोपी संदीप बंजारे। से बचे हुए वायर बरामद करके उसे गिरफ्तार करके उसे रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कारवाई के थाना सक्ति के निरीक्षक विवेक शर्मा के नेतृत्व में, एचसी अशोक पंवार, आरक्षक दीपक साहू, मनोज लहरे, सेतराम,पवन सांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।।

युवक से 6 लीटर शराब जब्त

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षिका श्रीमति अंकिता शर्मा के द्वारा जिले में अवैध शराब कारोबारियों एवम नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिये दिशा निर्देश सभी थानों को दिए गए हैं। उक्त निदेशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन पर सक्ति पुलिस सतत अभियान चला कर कारवाई कर रही है। 21/2/24 को सक्ती पुलिस के द्वारा अवेध शराब के विरुद्ध अभियान में कार्यवाही हेतु नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा टीम रवाना की गई थी । इस अभियान के दौरान सक्ति पुलिस ने 6 लीटर जेरिकेन में महुआ शराब भरकर बिक्री कर रहे गाउरमुंडा के लेखराम को पकड़कर शराब बेचते पाने पर आरोपी लेखराम के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कारवाई करते हुए, बरामद शराब को जप्त करके आरोपी लेखराम पिता गुहाराम चौहान उम्र 55 वर्ष ग्राम गौरमुंडा सक्ति को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से रिमांड लेकर, जेल दाखिल किया गया है।

मुख्यमंत्री साय ने बीमा सखी तरसिला को किया सम्मानित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं को सरगुजा जिले के जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं इन बीमा योजना के हितग्राहियों को बीमा क्लेम में सहयोग प्रदान करने के लिए जिले के जनपद पंचायत अंबिकापुर में कार्यरत बीमा सखी तरसिला कुजूर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित सरस मेले में प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर के नेतृत्व में ग्रामीणों को शासकीय बीमा योजनाओं में पंजीकृत करने एवं हितग्राहियों के परिवारों को बीमा क्लेम में सहयोग करने के लिए बिहान योजना के अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों में बीमा सखी का चयन किया गया है।

जिले के 20 हजार 166 परीक्षार्थी होंगे शामिल, 64 केन्द्रों में होगी परीक्षा

छग माशिमं बोर्ड की परीक्षाएं 1 मार्च से

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट, मुख्य परीक्षा 02 मार्च से प्रारंभ होगा और यह परीक्षा 21 मार्च तक चलेगा। इसी तरह हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 01 मार्च से 23 मार्च तक होगी।यह परीक्षा प्रातः 09 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। इन परीक्षाओं के लिए जिले में 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जहां 20 हजार 166 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बोर्ड परीक्षा को लेकर 05 निरिक्षण दल बनाए गये है,जिनमे 04 निरिक्षण दल कलेक्टोरेट का व एक जिलाशिक्षाधिकारी का है।

बोर्ड परीक्षा को लेकर इस समय विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा टेंशन पाठ्यक्रम पूरा करने का है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं की धड़कनें तेज हो गई। साथ ही परीक्षा पास करने शार्टकट तरीके भी ढूंढे जा रहे हैं। इसमें अधिकांश विद्यार्थी गाइड-कुंजियों के भरोसे रह कर नैया पार करना चाहते हैं। इसके पीछे मुख्य वजह यह हैं कि कुंजियों में प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दिए रहते हैं। जिन्हें विद्यार्थी आसानी से कम समय में याद कर लेते हैं। एक तथ्य यह भी हैं कि पुस्तकों की कीमत कुंजियों से ज्यादा रहती है। हालांकि पुस्तक में विषय को विस्तार से बताया जाता हैं। वरिष्ठ अध्यापकों का रुख एक दम स्पष्ट हैं। शिक्षकों के अनुसार कुंजियों से बच्चों को उतना नंबर नहीं मिलता जितना पुस्तक से पढ़ाई करने पर मिलता हैं। अच्छे नंबर पाने के लिए पाठ्यक्रम को विस्तार से पढ़ना चाहिए। शिक्षकों का मानना है कि जो विद्यार्थी साल भर स्कूल में नियमित पढ़ाई करते हैं, उन्हें किसी तरह की दिक्कत अंतिम समय में नहीं आती हैं। विद्यार्थियों का कहना हैं कि आए दिन छुट्टियों की वजह से पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ हैं। जिसके चलते उन्हें कुंजी का सहारा लेना पड़ रहा हैं। जिले के अधिकांश स्कूलों में प्रेक्टिकल परीक्षाएं चल रही है। कुछ स्कूलों में प्रेक्टिकल परीक्षाएं संपन्न हो चुकी है। जिससे उन स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल परीक्षाओं से मुक्ति मिल गई हैं और वे परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं अब इस जिले के आधे से अधिक स्कूल ऐसे हैं। जहां परीक्षांए होनी हैं। वहां विद्यार्थी व शिक्षक प्रेक्टिकल परीक्षा की तैयारियों में व्यस्त हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार जिले में फरवरी तक प्रेक्टिकल परीक्षाएं संपन्न करवा लिए गये है।कुजिया विद्यार्थियों को सफलता का आसान रास्ता लगता जरूर हैं, लेकिन इसमें भी दिक्कत यह हैं कि बाजार में कई प्रकाशकों द्वारा अलग-अलग नाम से गाइड कुजिया उपलब्ध कराई गई हैं।छात्रों में उहापोह रहती हैं कि कौन सी कुंजी खरीदा जाए। हालांकि जो गाइड अध्यापकों के हाथ में रहती हैं, बच्चे उसे खरीद लेते हैं। इस सत्र में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के चलते कक्षाएं प्रभावित हुई। कई स्थानों पर साल भर में कराए जाने वाले प्रेक्टिकल ही पूरे नहीं हो पाए। पाठ्यक्रम पूरा नही होने से अंत में परीक्षा के दौरान उनका बोझ बढ़ जाता हैं।इतना ही नहीं पूरी पढ़ाई के बीच प्रेक्टिकल काफी मायने रखते हैं।इन परीक्षाओं में मिलने वाले अंकों से विद्यार्थियों के रिजल्ट पर भी असर पहुंचता हैं। विधानसभा चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगने के कारण भी विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई थी। उनकी पढ़ाई का रुटीन बिगड़ गया था।बोर्ड के निर्देश के अनुसार स्कूल में प्रायोगिक परीक्षाएं मार्च तक संपन्न की जानी हैं। पढ़ाई में तेज विद्यार्थी पुस्तक से ही परीक्षा की तैयारी करते हैं। शॉर्टकट ढ़ंग से पास होने वाले विद्यार्थी कुंजी आदि के सहारे से तैयारी करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जी एल चतुर्वेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

विधायक हरवंश ने सदन में उठाया आयुष्मान कार्ड का मामला

जांजगीर/नवप्रदेश। क्षेत्र की समस्याओं एवं जनहित से जुड़ी मुद्दों को लेकर के विधानसभा पामगढ़ के विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने आयुष्मान कार्ड के संबंध में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए सदन में मामला उठाया। विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश ने कहा कि आयुष्मान व खूबचंद बघेल योजना के तहत इलाज करने वाली नोडल एजेंसी का कार्यालय नया रायपुर में शिफ्ट कर दिया गया है। अब हर आवेदन करता को कह दिया जाता है कि आवेदन नया रायपुर में दिया जाएगा यह स्थिति शिकायतों के निदान की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुरानी व्यवस्था लागू होनी चाहिए।पहले यह कार्यालय शास्त्री चौक स्थित डीकेएस अस्पताल के पीछे था। वर्तमान में ऐसे कई प्रकरण है जिनके कार्ड किन्हीं तकनीकी कारणों से ब्लॉक हो जाता है दूरस्थ गांव से आए पीड़ितों को अपना कार्ड ठीक करवाने हेतु नया रायपुर जाना पड़ रहा है।रायपुर से 30 से 35 किलोमीटर दूर जाकर अपनी दिक्कतों को दूर करने का प्रयास कितना दुभर है समझा जा सकता है। वहां जाने को साधन मिलते हैं न सुविधा। विधायक महोदय ने शासन से यह मांग की कि आयुष्मान कार्ड का समस्त हितग्राहियों को आसानी से लाभ प्राप्त हो कोई भी उनके लाभ से वंचित न रहे ऐसी व्यवस्था लागू की जाए तभी आयुष्मान कार्ड बनाना सार्थक होगा। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समस्या से अवगत होकर सदन में तत्काल घोषणा की आयुष्मान कार्ड से संबंधित सभी तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा औरआयुष्मान कार्ड सभी जगह चलेगा।अब सभी जगह आयुष्मान कार्ड में पेमेंट होगा।

यज्ञ में कन्याभोज के साथ भंडारा भी

मुंगेली/नवप्रदेश। ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में विगत 8 दिनों से चल रहे श्रीशतचंडी यज्ञ श्रीराम चरित्र मानस प्रवचन कथा का समापन विधिवत पूजा अर्चना, पूर्ण आहुति के साथ हुआ। आयोजित कार्यक्रम में कस्बे सहित परिक्षेत्र से भक्तो ने चढ़-बढ़ कर हिस्सा लिया। यज्ञ में कन्या भोजन के साथ-साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु संत सहित श्रद्धांलुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किये। यज्ञाचार्य पंडित आमोद शंकर मिश्र ने बताया कि 8 दिनों से श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में कस्बावासियो का अटूट श्रद्धा और आस्था के चलते यज्ञ श्रीराम कथा का आयोजन करवाया गया। पूर्ण आहुति के साथ श्रीशतचंडी यज्ञ श्री राम कथा का समापन हुआ। यज्ञ के माध्यम से हुई पूजा अर्चना का एक मात्र उद्देश्य क्षेत्र में सुख शांति और खुशहाली को बनाए रखने के लिए भगवान से प्रार्थना करना है। उन्होंने बताया कि यज्ञ का विशेष महत्व है। यज्ञ से निकलने वाली धुँआ प्रकृति को शुद्ध करता है साथ ही जो यज्ञ में भाग लेते है उनके जीवन में दुख दूर हो जाता है।

स्कूलों में आकस्मिक मृत्यु पर छात्रों के पालकों को राशि वितरित

सक्ती/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित विद्यार्थी दुर्घटना बीमा योजनान्तर्गत स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर छात्र दुर्घटना बीमा के तहत एक लाख रूपए राशि प्रदाय की जाती है। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर पर अपने कार्यालय कक्ष में स्कूल में अध्ययनरत पांच मृत विद्यार्थियों स्व. बरसा पिता हरीराम लहरे शासकीय प्राथमिक शाला बरंभांठा जमगहन में अध्ययनरत कक्षा दूसरी का सांप काटने से 2 सितम्बर 2022 को मृत्यु होने पर, स्व.रामेश्वर पिता मनोज जांगडे शासकीय प्राथमिक शाला नहरपारा पिहरीद में अध्ययनरत कक्षा दूसरी का तालाब में डूबने से दिनांक 22 दिसंबर 2023 को मृत्यु होने पर, स्व.अनिकेत पिता रांचीलाल शासकीय प्राथमिक शाला नहरपारा पिहरीद में अध्ययनरत कक्षा दूसरी का तालाब में डूबने से दिनांक 22 दिसंबर 2022 को मृत्य होने पर, स्व. प्रताप पिता अर्जुन लाल सतनामी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडे रखेली में अध्ययनरत कक्षा 10 वीं का सड़क दुर्घटना से दिनांक 10 मार्च 2023 को मृत्यु होने पर, स्व. हिमांशु लहरे पिता महेश लहरे मॉ खम्भेश्वरी कान्वेट स्कूल कचंदा का सड़क दुर्घटना से 8 अप्रैल 2023 को मृत्यु होने पर इन समस्त विद्यार्थियों के पालको को छात्र दुर्घटना बीमा राशि का चेक वितरण किया गया, जिसमें सभी ने चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.एल खरे भी उपस्थित थे।

खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार घायल

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 कुंवरपुर जलाशय मोड़ के पास 21 फरवरी दिन बुधवार की दोपहर लगभग 3 बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक पीछे तेज रफ्तार बाइक सवार जा टकराया। जिससे बाइक सवार व्यक्ति के सिर एवं शरीर के दूसरे हिस्से में गंभीर चोटे आई । रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों ने घटना की सूचना 108 तथा 112 को देते हुए घायल व्यक्ति को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार उपरांत सिर में गंभीर चोट होने के कारण घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शी द्वारा बताया जा रहा है कि ट्रक चालक सड़क किनारे ट्रक खड़ा करके नहर में नहाने गया हुआ था। उदयपुर से लखनपुर की ओर आ रहे बाइक सवार व्यक्ति ने सड़क मोड़ पर बाइक पर से अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराया। फिलहाल बाइक सवार व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।

दिगम्बर संत विद्यासागर महाराज को श्रंद्धाजलि

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। दिगंबर मानसरोवर के राजहंस संत शिरोमणी आचार्य गुरुदेव 108 श्री विद्यासागर महाराज की समतापूर्वक समाधि मरण के उपरांत दिगम्बर जैन समाज द्वारा जैन धर्मशाला पेण्ड्रा में सर्वधर्म व सर्व समाज विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। विनयांजलि सभा में जीपीएम जिले की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया, एडिशनल एसपी मनीषा ठाकुर रावटे एवं सर्व समाज ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनों ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें साक्षात भगवान आचार्य विद्यासागर जी महाराज का दर्शन, सानिध्य और आशीर्वाद मिला। उनके दिव्य रुप के विषय में बताया गया कि जिस युग में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था उस युग में हम नहीं थे, परन्तु हम भाग्यशाली हैं कि जिस युग में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने जन्म लिया उस युग में हमें उनका साक्षात दर्शन मिला। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य श्री द्वारा विश्व कल्याण, राष्ट्र कल्याण एवं आत्म कल्याण हेतु प्रशस्त मार्ग से प्सभी को प्रेरणा मिलती रहेगी। विनयांजलि सभा में सभी धर्म प्रेमी व सर्व समाज बन्धु उपस्थित होकर पूज्य गुरुदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य नरेन्द्र जैन, स्वामी परमात्मानंद, डॉ. लखनेश शर्मा, इकबाल सिंह, अक्षय नामदेव, अशोक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, बृजलाल राठौर, धर्म प्रकाश सातूवाला, सीताराम महलवाला, वंदना धर्मेश जैन, नितेश जैन, प्रखर तिवारी, राजकुमार जैन, कृष्णदत्त उर्मलिया, विनीत जैन इत्यादि सहित सभी समाज के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। विनयांजलि सभा का संचालन नीरज जैन ने किया। सभा में पेण्ड्रा एवं गौरेला के जैन समाज के सभी परिवारों के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुष्प भेंट कर भाजयुमो ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित का किया स्वागत

जांजगीर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के जांजगीर दौरे पर गुरुवार को विजय संकल्प शंखनाद रैली में शामिल हुए। इस दौरान युवा मोर्चा के नेतृत्व में बाइक रैली का भी आयोजन किया गया। बाइक रैली में बड़ी सख्या में भाजयुमो व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। शाम 4 बजे केद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड से हाई स्कूल मैदान पहुंचे, यहां उन्होंने आम सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान भाजयुमो मंत्री सोनू यादव के नेतृत्व में गुलाब का फूल भेंट कर केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सयोगिता सिंह जूदेव समेत जिले के तमाम भाजपा नेता मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चम्बल परियोजना नीमच को बनाएगी

सूटिंग्स प्रा.लि. द्वारा 150 करोड़ की लागत से झांझरवा?ा में स्थापित कप?ा एवं परिधान निर्माण इकाई का लोकार्पण किया। इस इकाई में 600 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। इसमें 90 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच में सेतु निगम की 1.93 करोड़ की लागत के रतलाम नसीराबाद मार्ग पर ग्वालटोली नाले पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 1.10 करोड़ की लागत से पुलिस कल्याणकारी योजना के अंतर्गत पुरानी पुलिस कॉलोनी में पुलिस पेट्रोल पम्प एवं मोडी, खातीखेड़ा, धनगांव, कौज्या, बरवा?ा, देवरान एवं पलासिया में 0.49 करोड़ लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं सीएमएचओ आवास के कार्यो का लोकार्पण भी किया। इसके साथ ही आजीविका मिशन के तहत ग्राम मेढ़की में 0.44 करोड़ की लागत से निर्मित, रोजगार के लिए वर्कशॉप, एवं 0.37 करोड़ की लागत से ग्राम जुनापानी, बधावा एवं लुहारिया जाट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत निर्मित कृषक सुविधा केंद्रों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच नगर पालिका के वार्ड नम्बर 7 में 0.32 करोड़ की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक निर्माण कार्य एवं पुलिस लाइन्स कनावटी में 0.28 करोड़ की लागत के लॉन टेनिस खेल मैदान का भी लोकार्पण किया।

उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष

को लेकर मंदिर पहुंचा। यहां निजी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड ने संपर्क किया। तीनों भक्तों को अवंतिका द्वार से ले जाकर प्रवेश करवा दिया। श्रद्धालुओं ने भस्म आरती दर्शन का लाभ भी ले लिया।

अब किसानों की...

साथ एकजुटता से खड़े हैं।

वहीं हरियाणा के अंबाला में गुरुवार रात आंदोलनकारी किसानों के साथ झड़प में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। घायल पुलिस कर्मियों की संख्या तीस से अधिक है। हरियाणा पुलिस ने किसान आंदोलन 2.0 में शामिल किसान नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। किसान नेताओं के बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं और उनकी संपत्ति कुर्क की जा रही है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि अंबाला पुलिस किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई करेगी। हालांकि अंबाला पुलिस ने एक्स पर लिखा कि इस मामले पर फिर से विचार किया गया और फैसला लिया गया कि एनएसए नहीं लगाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है कि पुलिस किसान नेताओं के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा रही है।

लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 और हरियाणा लोक व्यवस्था में विघ्न के दौरान संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम, 2021 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

नुकसान की भरपाई आंदोलकारियों से

ऐसे में किसानों की नाराजगी बढ़ रही है। सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान की भरपाई प्रदर्शनकारियों से ही करने के लिए अभी नुकसान का आंकलन किया जा रहा है. नुकसान की भरपाई के लिए उनके बैंक खातों को जब्त और संपत्ति को कुर्क किया जाएगा. इस बीच पंजाब सरकार ने खनौरी बॉर्डर पर चोट लगने से मारे गए 22 साल के किसान शुभकरण सिंह के परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक्स पर लिखा कि सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपये और उनकी छोटी बहन को सरकारी नौकरी देगी.

लोकसभा चुनाव- बीजेपी ...

को यहा का प्रभारी बनाया गया है और वो यहां का दौरा कर रहे हैं।

बीजेपी के अनुसूचित जाति मोर्चे की मीटिंग भी पहले 29 फरवरी को थी। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रहने वाले थे। अब इस कार्यक्रम को टाल दिया गया है, क्योंकि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में रहेंगे।

बता दें, पिछले दिनों हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने कमजोर सीटों पर पहले ही उम्मीदवार तय कर दिए हैं। इसके अलावा उसने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी वरिष्ठ नेताओं को विधायकी लड़ाई। अब लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी इसी रणनीति पर काम कर रही है। बीजेपी की रणनीति में लोकसभा चुनाव में कई ऐसे प्रत्याशी चुनावी समर में दिख सकते हैं, जो अभी तक राज्यसभा सदस्य थे।

राहुल गांधी को झारखंड...

मामले में विजय मिश्रा द्वारा 4 अगस्त, 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। राहुल गांधी ने कहा था कि बीजेपी में हत्या का आरोपी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में नहीं। इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को सुल्तानपुर की एक विशेष अदालत ने जमानत दी थी। उन्हें 25 हजार की सिक्योरिटी और 25 हजार के बेल बॉन्ड पर जमानत मिली है।

राहुल गांधी ने झारखंड हाई कोर्ट में क्वैशिंग पिटीशन दाखिल की थी। इस केस में याचिकाकर्ता नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायत की थी। इसके बाद राहुल गांधी को समन जारी हुआ था।

पहले भी ऐसा हुआ था

राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड में तीन मामले चल रहे हैं। एक मामला 2019 के लोकसभा चुनाव का है, जब राहुल गांधी ने कहा था कि सारे मोदी चोर हैं। इस मामले में भी राहुल गांधी की ओर से झारखंड में क्वैशिंग पिटीशन दाखिल की गई थी लेकिन यह खारिज हो गई।

राहुल की जा चुकी है सदस्यता

राहुल गांधी को मोदी टिप्पणी मामले पर 2019 आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई लेकिन बाद में उन्हें जमानत दे दी गई। इसी मामले में उनकी संसद सदस्यता भी चली गई लेकिन बाद में बहाल हुई। भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर सजा सुनाई गई थी।

नाइट्रोजन गैस से ...

और वहां मौजूद लोगों का कहना था कि स्मिथ को कई मिनट तक झटके आते रहे और वह छटपटा रहा था। अटार्नी जनरल स्टीव मार्शल के कार्यालय ने कहा कि यह तरीका उपयुक्त है और कहा कि राज्य आगे भी मौत की सजा की तामील में नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल करेगा।

अधिक पीड़ादायक ...

मानव प्रयोग के नतीजे अब आ गए हैं और वे दर्शाते हैं कि नाइट्रोजन गैस से न तो जल्दी दम घुटता है और न ही यह प्रक्रिया दर्द रहित है बल्कि यह अधिक पीड़ादायक और दर्दनाक है।

न्यूज गैलरी

2 करोड़ 50 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। जीई रोड तेलीबांधा स्थित होटल क्लार्क के पास सोलर एनर्जी का कार्य कराकर 2 करोड़ 50 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी गौरव जैन 39 वर्ष गुरूघासीदास प्लाजा आमापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने आरबीपी एनर्जी इंडिया प्रायवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। वहीं आरोपी रोमेट सालूसन का भागीदार कमलजीत खुराना, विपिन, राजेश कुमार व अन्य प्रार्थी के संस्था का भागीदार है। आरोपियों ने प्रार्थी की कंपनी को झांसे में लेकर सोलर एनर्जी का कार्य कराकर काम का पैसा 2 करोड़ 50 लाख रुपए पार्टी से पैसा प्राप्त कर लिए और प्रार्थी के कंपनी में भुगतान नहीं किए। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को हुई तो उसने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। गोलबाजार पुलिस ने मालवीय रोड में आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले दो ई-रिक्शा चालको के खिलाफ कार्रवाई की है। गोलबाजार पुलिस ने मालवीय रोड रवि भवन के सामने आम रोड पर ई-रिक्शा खड़ी करने वाले ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीडी 9872 का चालक दिलीप दास 35 वर्ष व ई रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एमडब्लू 1450 का चालक चुडामणी देवांगन 40 वर्ष के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। ज्योति नगर चौक मठपुरैना में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी विवेक जैन 30 वर्ष ज्योतिनगर चौक मठपुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएन 8609 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। ऐश्वर्या किंडम कचना में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से प्रार्थी रामजी पटेल 64 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी देव सनानत में पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी देव सानन्त सेना 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रामजी पटेल, सोनी व देवराज ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा बेचते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने संकल्प होम सोसायटी के सामने लाभांडी में गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संकल्प होम सोसायटी के सामने लाभांडी में आरोपी विकाश नायक 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक कैरी बेग में 1 किलो 260 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 12500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग एवं खरोरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 158 पाव देशी शराब जब्त किया है। आरंग पुलिस ने ग्राम लखौली डामर प्लांट के पास अवैध शराब के साथ आरोपी लकेश माखिजा 33 वर्ष व सागर चन्द्राकर 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 61 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम पचनी में आरोपी लोकेश धृतलहरे 19 वर्ष व संदीप धीवर 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 97 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अधेड़ के खाते से 1 लाख पार

रायपुर। गुलमोहर पार्क रामनगर गुढियारी में अज्ञात व्यक्ति ने अधेड़ के खाते से 1 लाख 78 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दिनेश अग्रवाल 59 वर्ष गुलमोहर पार्क रामनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के यूनियन बैंक शाखा समता कालोनी से बिना जानकारी के 1 लाख 78 हजार रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थी को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत गुढियारी थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

सरेआम शराब पीते 34 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 34 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रार्थी कोतवाली पुलिस ने गांधी मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मोहन साहू 58 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी अमरकांत साहू 33 वर्ष व सुनील सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी अर्जून निषाद 19 वर्ष, संतु कुमार सिंह 36 वर्ष, रूस्तम गिरी 22 वर्ष व असमेंदु कोसले 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सीएम साय को वन मंत्री ने लाभांश राशि 2.26 करोड़ रूपए का चेक सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में वन मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के लाभांश की राशि 2 करोड़ 26 लाख रुपए का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने वन विकास निगम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि वन विकास निगम राज्य में हरित क्षेत्र के प्रसार और पर्यावरणीय विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। निगम ने किसी भी वित्तीय संस्थान से कोई ऋण भी नहीं लिया है। यह लाभ कमाने वाली सरकारी संस्था है। वन विकास निगम की यह उपलब्धि सराहनीय है और अन्य संस्थाओं को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए वन मंत्री, तथा वन विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। वन मंत्री केदार कश्यप ने इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के कार्यों और उपलब्धियां की विस्तार से जानकारी दी। छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के प्रबंध संचालक तपेश कुमार झा ने बताया कि वन विकास निगम भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना अंतर्गत रोपित सागौन वृक्षारोपण के विरलन से प्राप्त वनोपज के विक्रय एवं अन्य आय से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 69 करोड़ 44 लाख रुपए की आय प्राप्त हुई है। इस अवधि में निगम को कर पश्चात 52 करोड़ 65 लाख का रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है।

वर्ष 2022-23 में निगम द्वारा 1319 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 लाख 98 हजार सागौन तथा प्रदेश में पर्यावरण सुधार हेतु डिपोजिट रोपण योजना अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त राशि से 8 लाख 82 हजार मिश्रित प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया है। वन विकास निगम में वृक्षारोपण के विरलन से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15,653 घनमीटर ईमारती काष्ठ, 10 लाख नग बल्ली, 10,804 नग जलाऊ चट्टा तथा 426 नोशनल टन औद्योगिक बांस एवं 2,01,588 नग व्यापारिक बांस का उत्पादन हुआ है। वन विकास निगम द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों से राज्य के वनांचलों में वनवासियों एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के ग्रामीणों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ और उन्हें सतत् रोजगार का अवसर मिल रहा है। निगम द्वारा बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्थान से कोई ऋण भी नहीं लिया गया है, न ही निगम को राज्य शासन से कोई अनुदान प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि वन विकास निगम राज्य में हरियाली के प्रसार एवं पर्यावरणीय विकास के लिए कृतसंकल्पित होकर काम कर रहा है।

यशवंत को राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने राज्यपाल के सचिव रहे मृत खलको को पद से हटा दिया है। श्री खलको सेवानिवृत्त होने के बाद कांग्रेस शासनकाल में यहां संविदा पर नियुक्त थे। राज्य में सत्ता परिवर्तन होने तथा नई सरकार आने के बाद से हुए पिछले दो बड़े फेरबदल में भी उन्हें नहीं हटाया गया था। आज सरकार ने उनके स्थान पर आईएएस संचालक ग्रामोद्योग यशवंत कुमार को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें हटाए जाने के पीछे एक और मुख्य कारण माना जा रहा है कि पीएससी 21 के घोटाले में उनके पुत्र और पुत्री का चयन हुआ है।

पुलिस का बलवा ड्रिल अभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस लाईन रायपुर में आयोजित जनरल परेड के दौरान संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर द्वारा परेड की सलामी ली गई। सलामी पश्चात् जनरल परेड के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण किया गया तदोपरांत मार्च पास्ट के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार दंगों के दौरान कानून व्यवस्था स्थापित करने हेतु बलवा ड्रील का पूर्वाभ्यास कराया गया।

बलवा ड्रील अभ्यास के दौरान परेड में सम्मिलित अधिकारी/कर्मचारियों की पार्टी तैयार किया जाकर पार्टियों में प्रदर्शनकारी, मजिस्ट्रेट एवं उसके सहायक, अश्रु गैस दल, केन पार्टी, लाठी पार्टी, प्राथमिक उपचार पार्टी, पत्रकार एवं रायफल पार्टी सहित बलवा ड्रील का प्रदर्शन करते हुए पूर्वाभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जय प्रकाश बढ़ई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले द्वारा अभ्यास में सम्मिलित थाना प्रभारी मेडिकल टीम, फोटोग्राफर, अधिकारी/ कर्मचारियों को उग्र भीड़ में क्या-क्या सावधानी बरती जानी चाहिये, भीड़ में सर्तक व सजग रहकर अपने दायित्वों को निर्वहन करने हेतु समझाईस दी गई। सी.आर.पी.सी. में उल्लेखित धाराओं का वर्णन करते हुये वैद्यानिक नियमों के विषय में भी आवश्यक चर्चा की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा अभ्यास में बल का नेतृत्व भलि-भांति एवं मुस्तैदी से किये जाने के साथ ही अभ्यास प्रशिक्षण में जवानों को ड्रिल में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये गये। परेड में सम्मिलित अधिकारी/कर्मचारियों के निरीक्षण के दौरान अच्छी वेश भूषा धारण करने वाले अधिकारी एवं जवानों के उत्साहवर्धन के लिए पुरूस्कार एवं निर्धारित वेश भूषा संतोषजनक न पाये जाने वाले अधि0/कर्म को दंडित भी किया। इसके पश्चात् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा ओआर पेशी लिया जाकर प्रकरण का निराकरण भी पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड में किया गया। जनरल परेड अंतर्गत पुलिस के व्यवसायिक ज्ञान तथा क्षमता का विकास हो इस दृष्टि से पुलिस जवानों को बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा उनकी बारिकियों को बताया गया। इस अभ्यास में जिला रायपुर के पुलिस राजपत्रित अधिकारी के अतिरिक्त कुल 252 अधिकारी/ कर्मचारीगण सम्मिलित हुये।

महतारी वंदन योजना का शुभारंभ करने छत्तीसगढ़ आ सकते हैं पीएम नरेंद्र मोदी

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना को लेकर बड़ी खबर आ रही है। इस योजना का 8 मार्च को इस योजना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुभारंभ कर सकते हैं। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी चल रही है। योजना के लिए रायपुर में बड़ा कार्यक्रम कराए जाने की चर्चा है। आला अफसरों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के शामिल होने की संभावना के साथ तैयारी की जा रही है। इसी दिन पीएम मोदी मध्य प्रदेश में भी एक नई योजना शुरु कर सकते हैं। महतारी वंदन योजना के लिए 8 मार्च की तारीख तय किए जाने के पीछे तर्क यह है कि इस दिन वुमेंस डे मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किश्त देने की तैयारी कर रही है।

72 लाख 74 हजार से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश में अब तक 72 लाख 74 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रथम चरण में आवेदन करने के अंतिम दिन 20 फरवरी को प्रदेश में 1 लाख 78 हजार 514 महिलाओं ने आवेदन किया।उल्लेखनीय है कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं को 12 हजार रूपए दिये जाएंगे। प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रूपए से महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के साथ पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकेंगी। जिलेवार प्राप्त आवेदन महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक रायगढ़ जिले में 03 लाख 13 हजार 379, जांजगीर-चांपा में 02 लाख 88 हजार 939, बलरामपुर में 02 लाख 11 हजार 985 महिलाओं ने आवेदन की है। इसी प्रकार बलौदाबाजार में 03 लाख 49 हजार 681, कोण्डागांव 01 लाख 36 हजार 680, कवर्धा 02 लाख 54 हजार 876, सूरजपुर में 02 लाख 14 हजार 567, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 95 हजार 89, गरियाबंद में 01 लाख 94 हजार 662, बेमेतरा में 02 लाख 63 हजार 711 आदि शामिल है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ से 01 लाख 89

मूल पदस्थापना शालाओं में लौटेंगे शिक्षक: मंत्री अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी गैर शिक्षकीय कार्य हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं में संलग्न किया गया है ऐसे शिक्षक अपने मूल पदस्थापना शाला में अध्यापन कार्य हेतु शीघ्र ही कार्यमुक्त होंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टरों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी गैर शिक्षकीय कार्य हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं में संलग्न हैं और गैर शैक्षणिक संलग्नीकरण से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस आशय की शिकायत स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल को प्राप्त हो रही थी। शिकायकर्ताओं ने स्कूल में शैक्षणिक व्यवस्था के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

फेडरेशन ने जिला और ब्लॉक में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे मोदी की गारंटी पर अमल करने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को फेडरेशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन के घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने राज्यव्यापी रैली-प्रदर्शन किया । इंद्रावती भवन में प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामसागर कौशले के नेतृत्व में रैली निकालकर मंत्रालय में मुख्य सचिव को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रायपुर कलेक्टर कार्यालय में प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।दुर्ग संभाग में प्रदेश सचिव राजेश चटर्जी,बिलासपुर संभाग में जी.आर.चंद्रा प्रदेश प्रवक्ता,सरगुजा संभाग में ओंकार सिंह प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ,बस्तर संभाग में कैलाश चौहान संभाग प्रभारी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा,सचिव राजेश चटर्जी, प्रवक्ता जी आर चंद्रा एवं चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि फेडरेशन का एक ही सूत्र है- *अन्याय के विरुद्ध संघर्ष*। कर्मचारियों के साथ जब-जब अन्याय होगा,तब-तब फेडरेशन का आंदोलन होगा।

उनका कहना है कि विधानसभा

10वीं-12वीं की परीक्षा साल में दो बार, 2025 के सत्र से नई व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। छग बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं साल में दो बार होंगी। नई व्यवस्था शिक्षा सत्र 2025-26 से लागू होगी। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत होगा। प्रदेश में जल्द ही इसकी व्यवस्था शुरू हो जायेगी. वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं साल में एक बार आयोजित की जाती हैं। इस बार परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो रही है. इसमें करीब 6.25 लाख छात्र शामिल होंगे. विशेषज्ञों का कहना है कि नई व्यवस्था से छात्रों को फायदा होगा। इससे छात्रों का बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव कम होगा। कोर्स को अलग-अलग हिस्सों में बांटा जाएगा. इससे विद्यार्थियों को भी लाभ होगा। बोर्ड परीक्षा की नई व्यवस्था दो बार लागू करने का मतलब है कि जून 2024-25 में शुरू होने वाला सत्र एकल बोर्ड परीक्षा का आखिरी सत्र होगा। उधर सीबीएसई भी 10वीं-12वीं की परीक्षा साल में दो बार आयोजित करने की तैयारी कर रही है। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राजधानी में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. उन्होंने कहा शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सीबीएसई छात्रों को साल में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा।

6.75 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी

तीन आयरन स्टील व्यवसायियों के यहां स्टेट जीएसटी के प्रवर्तक विंग ने की बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जीएसटी के प्रवर्तक विंग ने गुरूवार को बड़ी कार्रवाई की। रायपुर के तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़, ईश्वर इस्पात एवं ईश्वर टीएमटी के यहाँ स्टेट जीएसटी की प्रवर्तन विंग द्वारा छापा मारा गया। प्रवर्तक विंग द्वारा उरला सिलतरा क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों में जांच की गई। जिसके प्रारभिक जांच में पाया गया कि इन तीन आयरन स्टील उत्पाद निर्माताओं द्वारा 6.75 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की गई है। आगे की कार्रवाई में यह राशि और बढ़ने की संभावना है। इन फ़र्मो द्वारा मौके पर ही अधिकारियों के समक्ष 4.75 करोड़ रुपए जीएसटी जमा किया गया। इन फर्मो द्वारा कच्चा स्क्रैप खरीद कर सरिया बनाया जा रहा था और जीएसटी की चोरी की जा रही थी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में यहां की जीएसटी की प्रवर्तन विंग बहुत सक्रिय है। उनके द्वारा स्क्रैप से जीएसटी चोरी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। जिसमें विभाग द्वारा एडवांस आईटी टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है साथ ही नई तकनीकों का प्रयोग कर ईवे बिल की जांच से प्राप्त सूचनाओं, फील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्रवाई की जा रही है।

हाईकोर्ट में स्व. नरीमन और जायसवाल को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में मुख्य न्यायाधीश के कोर्ट-रूम में प्रख्यात ज्यूरिस्ट और भारत के पूर्व एडिशनल सॉलीसिटर जनरल स्वर्गीय फली सैम नरीमन तथा छग उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और भारत के उच्चतम न्यायालय तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन के सदस्य स्व. प्रशांत जायसवाल की मृतात्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा तथा अन्य न्यायमूर्तिगणों की उपस्थिति में शोकसभा आयोजित की गई।

साय सरकार बैगा जनजाति की रक्षा नहीं कर पायी: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति के तीन सदस्यों की रक्षा नहीं कर पाई। प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते हुये संरक्षित जनजाति के परिवार की हत्या कर दी गयी थी। पंडरिया विधानसभा के कुकदूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाग डबरा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या हुई थी जिसे हादसा बताकर लीपा पोती किया जा रहा था। दुर्घटना बताया जा रहा था जबकि घटनास्थल में सारे साक्ष्य इस बात की गवाही दे रहे थे यह अग्नि दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने आगजनी किया गया था. कांग्रेस का शक आज सच साबित हो गया है. बैगा जनजाति के जमीनों पर कब्जा करने के लिए लगातार इस प्रकार की घटनाएं हो रही है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बैगा जनजाति के परिवार के हत्यारो को कड़ी से कड़ी सजा मिले. इस घटना में लीपापोती करने वाले अधिकारियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, इस प्रकरण की न्यायिक जांच की जाए।

मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में नाकाम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह नाकाम रही है। 100 दिन में महंगाई कम करने का झांसा देकर केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अब जनता के प्रति जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। भुखमरी इंडेक्स में भारत लगातार नीचे आ जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार देश के 45 करोड़ युवा गलत आर्थिक नीतियों से हताश होकर नौकरी की तलाश ही बंद कर चुका है।

सड़कों के निर्माण के लिए 36.61 करोड़ रुपए मंजूर

डीप्टी सीएम तथा पीडब्लूडी मंत्री साव के अनुमोदन के बाद 18 कार्यों के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा मुंगेली, रायगढ़ राजनांदगांव, रायपुर, जशपुर, बस्तर और सूरजपुर जिले में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 36 करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने 18 कार्यों के लिए कुल 39 करोड़ 58 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में रहंगी नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए एक करोड़ 85 लाख रुपए, खैरवार बघमार से अमलडीही मार्ग के लिए एक करोड़ 84 लाख रुपए, लोरमी विकासखंड के डी-1 नहर से पठारी कांपा मार्ग के लिए दो करोड़ तीन लाख रुपए और अखरार से श्मशान घाट पहुंच मार्ग के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के लोहरसिंग-लिंजीर मार्ग के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए एक करोड़ 76 लाख रुपए, राजनांदगांव के पारीखुर्द में आंगनबाड़ी से श्मशान घाट पहुंच मार्ग के लिए 79 लाख 42 हजार रुपए, ईरा में गौठान से मुक्तिधाम पहुंच मार्ग के लिए एक करोड़ 70 लाख रुपए, रायपुर में बजाज कॉलोनी, एन.एम.डी.सी. कॉलोनी, प्रियदर्शिनी नगर, वल्लभ नगर चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 81 लाख रुपए, कटोरा तालाब, शैलेन्द्र नगर, पुराना राजेन्द्र नगर मार्ग के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 51 लाख रुपए तथा मठपुरैना-रावतपुरा चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण के लिए दो करोड़ 80 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

लोक निर्माण विभाग ने जशपुर जिले में मस्कामारा-लवाकेरा मुख्य मार्ग के लिए एक करोड़ 81 लाख रुपए, राज्यीय राजमार्ग-17 से पुटकेला पहुंच मार्ग के लिए दो करोड़ 89 लाख रुपए, बस्तर जिले के खंडसरा-सारेगांव मार्ग के लिए दो करोड़ 95 लाख रुपए, सोनारपाल-चपका मार्ग के लिए दो करोड़ 96 लाख रुपए, करंदोला रानीगुड़ा से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 तक सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ 66 लाख रुपए तथा सूरजपुर जिले के श्रीराम वनगमन पथ के मिसिंग लिंक मार्ग रकसगंडा जलप्रपात पहुंच मार्ग के लिए दो करोड़ 54 लाख रुपए मंजूर किए हैं। रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में फर्नीचर और फिनिशिंग संबंधी कार्य के लिए विभाग द्वारा दो करोड़ 98 लाख 49 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

बीजेपी के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी प्रभु श्रीराम की मूर्ति : सुरेन्द्र वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहां है कि भारतीय जनता पार्टी के साय सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा विगत 22 जनवरी 2024 को वीआईपी रोड पर लगाए गए प्रभु श्री राम की मूर्ति एक माह के भीतर ही जर्जर होकर टूट गई। बीजेपी के भ्रष्टाचार से न केवल प्रभु श्रीराम की मूर्ति खंडित हुई बल्कि हादसे में दो लोगों को चोट भी लगी है। मध्य प्रदेश के गुणवत्ताहीन महाकाल लोक की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी साय सरकार के शह पर फाइबर मूर्ति घोटाला हुआ है। सनातन के अपमान और भगवान के नाम पर भ्रष्टाचार के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से माफ़ी मांगे भाजपाई और भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्यवाही करें। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 5 साल राम काज किया, गौ सेवा की, माता कौशल्या के मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया, राम वन गमन पथ में पर्यटक सुविधाएं विकसित की, चंदखुरी, शिवरीनारायण राजीम सहित राम वन गमन पथ में आने वाले धार्मिक महत्व के स्थलों पर 51 फीट ऊंची श्री रामचंद्र की प्रतिमाएं स्थापित की।

इंग्लैंड 7 विकेट पर 302 रन

रांची। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में खेला जा रहा है। इंटरनेशनल स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। भारत से तेज गेंदबाज आकाश दीप ने डेब्यू किया। फिलहाल पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। फिलहाल पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 302 रन बना लिए। जो रूट और ओली रोबिनसन खेल रहे हैं। रूट ने 13 पारियों बाद टेस्ट में शतक लगाया। भारत से आकाश दीप ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। एक-एक सफलता रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को भी मिली।

टीम का पांचवां विकेट 112 रन के स्कोर पर गिरा था।जो रूट ने रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ 63वें ओवर में एक रन लिया। इसी के साथ टीम के 200 रन भी पूरे हो गए। रूट के साथ विकेटकीपर बेन फोक्स भी पिच पर मौजूद रहे। इंग्लैंड ने 198/5 के स्कोर से तीसरे सेशन में अपनी पारी आगे बढ़ाई। जो रूट ने 67 और बेन फोक्स ने 28 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। भारत से रवींद्र जडेजा ने पहला ओवर फेंका। उन्होंने ओवर में एक रन दिया। बेन फोक्स ने जो रूट के साथ 86 रन की अहम पार्टनरशिप की। इंग्लैंड ने 112/5 के स्कोर से दूसरे सेशन में खेलना शुरू किया। जो रूट ने बेन फोक्स के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने सेशन में टीम का एक भी विकेट नहीं गिरने दिया और आपस में 86 रन की पार्टनरशिप कर ली। सेशन खत्म होने के बाद टीम का स्कोर 198/5 रहा। रूट 67 और फोक्स 28 रन के स्कोर पर नॉटआउट लौटे।इंग्लैंड ने 112 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे, सभी विकेट पहले सेशन में गिरे। दूसरे सेशन में टीम ने अपनी स्ट्रैटजी बदली और डिफेंसिव खेलना शुरू कर दिया। बेन फोक्स और जो रूट ने 33 से ज्यादा ओवर बैटिंग की और 85 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप कर ली। इसी के साथ टीम का स्कोर भी 200 के करीब पहुंच गया।

वेस्टइंडीज की मौजूदा टी-20 टीम में वर्ल्ड कप जीतने की क्षमता : ब्रावो

नई दिल्ली। खतरनाक ऑलराउंडरों से सजी हुई वेस्टइंडीज टीम का टी20 क्रिकेट में दबदबा रहा है, लेकिन बीते दो टी20 वर्ल्ड कप इस टीम के लिए बेहद खराब रहे। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो का मानना है कि पिछले दो टी20 विश्व कप में संघर्ष के बावजूद मौजूदा वेस्टइंडीज टीम जून में आगामी मेगा इवेंट में तीसरा खिताब जीतने की क्षमता रखती है।

वेस्टइंडीज ओमान और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप में सिर्फ एक जीत हासिल कर सका और फिर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। लेकिन ब्रावो वेस्टइंडीज के हालिया फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने पिछले 12 महीनों के दौरान टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड को हराया है। इसलिए ब्रावो को लगता है कि कैरेबियाई टीम इस साल के आयोजन की यूएसए के साथ सह-मेजबानी में तहलका मचा सकती है। ब्रावो ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में 2024 टी20 विश्व कप के शुरू होने के 100 दिन पूरे होने के जश्न के हिस्से के रूप में कहा, मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज टीम के पास आईसीसी ट्रॉफी जीतने का बहुत अच्छा मौका है। खिलाड़ियों का यह मौजूदा समूह लंबे समय से एक साथ रखी गई बेहतर टीमों में से एक है और मेरा मानना है कि वो इस मौके का फायदा उठा सकते हैं। कैरेबियाई लोग निश्चित रूप से बड़ी संख्या में बाहर जाएंगे और उनका समर्थन करेंगे और ट्रॉफी जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अनुभव की बात करें तो दो मौकों पर विश्व कप जीतना मेरे पूरे करियर की सबसे अच्छी भावनाओं में से एक है, इसलिए उम्मीद है कि यह समूह ऐसा कर सकता है।

तुर्की महिला कप : भारत की एस्टोनिया पर जीत, महिला फुटबॉल के लिए बड़ा प्रोत्साहन

अलान्या (तुर्की)। मनीषा कल्याण ने तुर्की महिला कप के पहले मैच में एस्टोनिया के खिलाफ भारतीय टीम की 4-3 की जीत से सुर्खियां बटोरीं, जिससे इतिहास की किताबों में एक नया पन्ना जुड़ गया, क्योंकि इससे पहले भारत ने महिला फुटबॉल में कभी किसी यूरोपीय देश को नहीं हराया था। राष्ट्रीय महिला सीनियर टीम ने पहले कभी एस्टोनिया का सामना नहीं किया था और उन्हें हराने से तुर्की महिला कप में हांगकांग और कोसोवो के खिलाफ आगामी खेलों के लिए अतिरिक्त बढ़ावा मिला। टीम एक साल से लगातार हार के साथ अपनी फॉर्म से जूझ रही थी। इतने महीनों के बाद जीत हासिल करना सार्थक था, क्योंकि सभी ने मुस्कुराहट और हंसी के साथ जश्न मनाया और इस पल का भरपूर आनंद लिया।मनीषा कल्याण ने कहा, यह वास्तव में अच्छा लगता है, और तीन अंक अर्जित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण था। यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत है और टीम कल की जीत से खुश भी है। धैर्य महत्वपूर्ण है, विशेषकर चुनौतीपूर्ण मैचों के दौरान, जब हमें लगता है कि स्कोर करना महत्वपूर्ण है। बीच-बीच में जब मेरे शॉट छूट जाते थे तो मुझे चिड़चिड़ाहट महसूस हो रही थी, लेकिन मुझे पता था कि मैं गोल करूंगी।उ?होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं कभी भी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हूं। मुझे पता है कि मैं अपनी फिनिशिंग के साथ और अधिक क्लिनिकल हो सकता था और कुछ चूके हुए मौकों और गलत पासों से बच सकता था।

फीफा महिला विश्व कप ऑस्ट्रेलिया के लिए आर्थिक वरदान : एफए रिपोर्ट

कैनबरा। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने खुलासा किया है कि फीफा महिला विश्व कप 2023 का आर्थिक प्रभाव एक अरब डॉलर से अधिक होगा।एफए ने शुक्रवार को अपनी लिगेसी 23 रणनीति पर एक व्यापक रिपोर्ट जारी की, जिसका उद्देश्य खेल के लिए स्थायी लाभ प्रदान करने के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में विश्व कप का उपयोग करना है।रिपोर्ट के अनुसार, अकेले ऑस्ट्रेलिया में 1.32 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (865.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के आर्थिक प्रभाव के साथ यह टूर्नामेंट पहला महिला विश्व कप था।विश्व कप के लिए 1.7 मिलियन से अधिक टिकट बेचे गए। 2015 में बनाए गए 1.35 मिलियन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की हार 2001 में वर्तमान रेटिंग प्रणाली शुरू होने के बाद से देश का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टेलीविजन प्रसारण बन गया।एफए के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन ने कहा कि टूर्नामेंट की गति को जारी रखने के लिए एफए का लक्ष्य 2026 एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला एशिया कप के लिए मेजबानी के अधिकार सुरक्षित करना है।ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू (एएफआर) ने बताया कि 2026 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए एएफसी के साथ चर्चा में ऑस्ट्रेलिया आखिरी देश है।

इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले अश्विन पहले भारतीय बने

रांची। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में भारतीय दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अहम उपलब्धि हासिल की।दरअसल, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट प्रारूप में अपने 100 विकेट पूरे किए। वह इंग्लिश टीम के खिलाफ विकेटों का शतक लगाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।अश्विन ने जॉनी बेयरस्टो को आउट करते हुए ये कारनामा किया है।

अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 23 टेस्ट की 41 पारियों में लगभग 29 की औसत से अपने 100 विकेट पूरे किए।वह अब इंग्लैंड और भारत के बीच हुए टेस्ट मैचों में 100 विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ जेम्स एंडरसन (145 विकेट) हैं।इंग्लैंड सिर्फ दूसरा ऐसा देश है, जिसके खिलाफ अश्विन ने 100 विकेट लिए हैं। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध (114 विकेट) ऐसा कर चुके हैं।

अश्विन ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने भारत के लिए अब तक 99 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 185 पारियों में लगभग 24 की औसत से 500 से अधिक विकेट अपने नाम किए हैं।

बिजनेस

एम-कैप वाले शेयरों की संख्या दोगुनी होकर 500 पहुंची

नई दिल्ली। भारत में बाजार की गहराई पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गई है और 1 अरब डॉलर से ज्यादा मार्केट कैप वाले शेयरों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 500 हो गई है।विदेशी ब्रोकरेज जेफरीज ने कहा कि सबसे बड़े कैप स्टॉक (50 अरब डॉलर से ज्यादा) अभी भी कम हैं, अधिकांश सबसे बड़े कैप भी निजी स्वामित्व में हैं और अच्छी तरह से चलते हैं।2019 के बाद से 1 अरब डॉलर से अधिक मार्केट कैप वाले शेयरों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 500 हो गई है।जेफरीज ने कहा, प्रमुख उभरते बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय इक्विटी बाजार एकमात्र ऐसा बाजार है, जिसने पिछले 5 वर्ष/10 वर्ष/15 वर्ष/20 वर्ष की अवधि में लगातार 10 फीसदी से ज्यादा वार्षिक रिटर्न दिया है।उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि 10 फीसदी से ज्यादा अमेरिकी डॉलर रिटर्न टिकाऊ प्रतीत होता है, क्योंकि भारत एक बहु-वर्षीय चक्रीय अपट्रेंड देख रहा है। स्थिति के संदर्भ में, भारत की इक्विटी 2014 के बाद से वैश्विक ईएम सक्रिय फंडों के स्वामित्व में सबसे अधिक है।रिपोर्ट में कहा गया है, चूंकि एमएससीआई ईएम में भारत का वजन बढ़ गया है, इसलिए विदेशी निवेशकों ने अभी भी भारतीय इक्विटी को उसी अनुपात में नहीं बढ़ाया है, जिसके कारण वैश्विक ईएम फंडों की स्वामित्व वाली स्थिति सबसे कम है, हमारा मानना है कि आगे चलकर इसमें बदलाव होना चाहिए।आगे कहा गया है, इक्विटी में बचत अभी भी भारतीय परिवारों में कुल निवेश का एक छोटा सा हिस्सा है। भारत के घरेलू बचत डेटा के हमारे स्वामित्व विश्लेषण से पता चलता है कि घरेलू संपत्ति और वार्षिक बचत के प्रतिशत के रूप में इक्विटी होल्डिंग्स और प्रवाह 5 प्रतिशत से कम है।भारत में म्यूचुअल फंड के माध्यम से इक्विटी में दीर्घकालिक बचत के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ जेफरीज का अनुमान है कि खुदरा से इक्विटी बाज़ारों में संरचनात्मक प्रवाह 30-35 अरब डॉलर प्रतिवर्ष है।रिपोर्ट में कहा गया है, दरअसल, बचत पाई के भीतर सिर्फ पुनर्वितरण बाजार में खुदरा प्रवाह को बनाए रखने के लिए पर्याप्त है। इक्विटी में ऑटो-कटौती मासिक प्रवाह (एसआईपी) वार्षिक वृद्धिशील बैंक जमा का सिर्फ 10 प्रतिशत है और आगे हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। .न केवल नॉमिनल जीडीपी के मामले में, बल्कि मार्केट कैप के मामले में भी भारत पांचवें स्थान पर है।

वाइस मीडिया में सैकड़ों कर्मियों की छंटनी

सैन फ्रांसिस्को। वाइस मीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ब्रूस डिक्सन ने कहा है कि कंपनी सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी करेगी और अपनी वेबसाइट पर सामग्री प्रकाशित करना बंद कर देगी, क्योंकि वह सोशल प्लेटफॉर्म की ओर बदलाव की योजना बना रही है। कर्मचारियों को इस विकास के बारे में सूचित किया और कहा कि प्रभावित श्रमिकों को अगले सप्ताह की शुरुआत में सूचित किया जाएगा। डिक्सन ने कहा, इस बदलाव के हिस्से के रूप में हम अब वाइसडॉटकॉम पर सामग्री प्रकाशित नहीं करेंगे। इसके बजाय हम अपने सोशल चैनलों पर अधिक जोर देंगे, क्योंकि हम अपनी सामग्री को वहां ले जाने के लिए भागीदारों के साथ अपनी चर्चा को तेज कर रहे हैं, जहां इसे सबसे अधिक व्यापक रूप से देखा जाएगा। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि इसका मतलब यह है कि हम अपने कार्यबल को कम कर देंगे। कई सौ पदों को खत्म कर देंगे। ज्ञापन में सीईओ ने कहा कि वाइस मीडिया कंपनी के लिए अपनी डिजिटल सामग्री को पहले की तरह वितरित करना अब महंगा पड़ रहा है। वाइस मीडिया अब उन प्रकाशकों की लंबी सूची में शामिल हो गया है, जिन्हें हाल के महीनों में कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ी है।

मस्क ने चंद्रमा पर रोवर उतारने पर इन्ट्युइटिव मशीन्स को दी बधाई

सैन फ्रांसिस्को। टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क ने शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी 'इन्ट्युइटिव मशीन्स' को चंद्रमा पर रोवर उतरने पर बधाई दी।'इन्ट्युइटिव मशीन्स' का पहला चंद्र लैंडर भारतीय समय के अनुसार शुक्रवार तड़के 4.53 बजे चंद्रमा पर उतरा। यह 50 साल से अधिक समय में चंद्रमा की सतह पहला अमेरिकी मिशन था।'इन्ट्युइटिव मशीन्स' ने एक्स पर पोस्ट किया, संचार संबंधी समस्या के निवारण के बाद उड़ान नियंत्रकों ने पुष्टि की है कि ओडीसियस सीधा है और डेटा भेजना शुरू कर रहा है। अभी, हम चंद्रमा सतह से पहली तस्वीरों को डाउनलिंक करने के लिए काम कर रहे हैं।मस्क ने बधाई देते हुए कहा, चंद्रमा पर उतरने के लिए बधाई !ओडीसियस नाम का मानव रहित लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है।ओडीसियस नासा के विज्ञान और अन्य वाणिज्यिक पेलोड को चंद्रमा पर ले गया है।अंतरिक्ष यान को पिछले सप्ताह गुरुवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च किया गया था।मिशन, जिसका कोडनेम आईएम-1 है, 'इन्ट्युइटिव मशीन्स' की चंद्रमा की सतह पर पहली रोबोटिक उड़ान है।पिछली बार अमेरिका ने चंद्रमा पर मिशन दिसंबर 1972 में उतारा था। यह अपोलो कार्यक्रम का अंतिम मिशन था।

जियो-बीपी ने यू-डिजर्व-मोर अभियान शुरू किया

मुंबई। जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी कार्ईंधन और खुदरा बिक्री संयुक्त उद्यम) ने एक अग्रणी मोबिलिटी सेवा प्रदाता ने आज अपना अनूठा प्रदर्शन करते हुए अपना यू-डिजर्व-मोर अभियान लांच किया। भारत के ईंधन अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ग्राहकों के लिए पहल की गई है।आजादी की 100वीं वर्षगांठ की ओर अमृत काल से आगे बढ़ते हुए भारत वैश्विक ऊर्जा के लिए उज्ज्वल स्थान बना रहेगा। भारत को "ओर" की पेशकश करते हुए यू-डिजर्व-मोर (वाईडीएम) अभियान प्रदर्शन, सेवा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के तीनस्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जियो-बीपी की पेशकश है जों ग्राहक प्रस्तावों पर प्रकाश डालता है।वाईडीएम अभियान 4.3त्न तक अधिक माइलेज देने वाले डीजल और पेट्रोल पर केंद्रित है। जो तेजी से बढ़ते जियो-बीपी पल्सईवी चार्जिंग पॉइंट नेटवर्क के साथ-साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित विशेष &#x~; एक्टिव &#x~; तकनीक के माध्यम से इंजन को 10 गुना तक साफ रखता है। जियो-बीपी मोबिलिटी स्टेशनों के देश-व्यापी नेटवर्क पर अन्यप्रस्तावों के अलावा अंतरराष्ट्रीय ऑन-द-मूव ब्रांड वाइल्ड बीन कैफे के तहत सिग्नेचर कॉफी के साथ-साथ स्नैक्स, कन्फेक्शनरीआदि वस्तुओं के लिए 24×7 दुकान पर भी प्रकाश डाला गया है।कम कार्बन समाधानों के साथ देश के लिए गतिशीलता की फिर से कल्पना करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप जियो-बीपी नेबायोगैस, इथेनॉल आधारित ई-20 पेट्रोल और ईवी बैटरी चार्जिंग और स्वैपिंग सहित ऊर्जा पेशकशों का विक्रेता है। मोबिलिटीस्टेशनों से परे भी जियो-बीपी ऑटोमेशन संचालित है। जो चोरी रोधी मोबाइल डिस्पेंसर और पेटेंट पैक्ड एचडीपीई कंटेनरों केमाध्यम से ग्राहकों के दरवाजे तक डीजल पहुंचाने में अग्रणी है। उनके निर्बाध आसान ऑर्डरिंग, वास्तविक समय की ट्रैकिंग,अनुकूलित डिलीवरी मार्ग और जियो-टैगिंग ने भारतीय ग्राहकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण ऑन-डिमांड डिलीवरी में विश्वास दिलाया है। निम्न कार्बन ईवी समाधानों में जियो-बीपी की परेशानी मुक्त जियो-बीपी पल्स ऐप, डायनेमिक लोड शेयरिंग और ऑटो-चार्ज सुविधाएँ देश में ईवी अपनाने में तेजी लाने में मदद कर रही हैं।केवल स्वचालन से आगे बढ़कर बेचे गए ईंधन या इलेक्ट्रॉन की हर बूंद की 100त्न ट्रैकिंग के साथ जियो-बीपी भारत के लिएबड़े, बेहतर और स्मार्ट ऑफर बनाने के लिए हर डेटा बाइट का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे ही वाईडीएम अभियानशुरू होता है, ग्राहकों को असीमित सपने देखने और जियो-बीपी के साथ गतिशीलता के एक नए युग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अभिनेत्री मधुरिमा तुली को है सूर्यास्त की सकारात्मक तरंगो से अपार प्रेम

वे कहते हैं कि सूर्यास्त से अधिक संगीतमय और सुखदायक कुछ भी नहीं है। खैर, एक व्यक्ति जो इस समय इस तथ्य से पूरी तरह सहमत दिखती है, वह हमारी अपनी खूबसूरत अभिनेत्री मधुरिमा तुली है। जब भारतीय मनोरंजन उद्योग के कलाकारों के सोशल मीडिया पे प्रदर्शन की बात आती है तो मधुरिमा तुली का इंस्टाग्राम हैंडल सबसे आकर्षक है।

वह यहां ऐसी चीजे शेयर करती है जिससे उन्हें सबसे ज्यादा प्यार है। उनकी ये सादगी और सच्चाई लोगों को सबसे ज्यादा पसंद है। वह हमेशा प्रकृति की प्रशंसक रही हैं। आकाश, सुंदर सूर्यास्त और उसकी सकारात्मक तरंगें उसे खुशी देती हैं और खैर, उनकी लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट इसी के बारे में है।

अपनी लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में, मधुरिमा तुली अपनी बालकनी में खड़ी होकर खूबसूरत सूर्यास्त के मनमोहक नजरों का आनंद लेती नजर आ रही हैं और यह नजारा देखने लायक है। इन तस्वीरों में उनकी प्यारी मुस्कान सबका दिल चुरा लेती है। इसमें उनकी फिटनेस भी कमाल की लग रही है। क्या आप लोग उनकी यह तस्वीरें देखना चाहते हैं? काम के मोर्चे पर, मधुरिमा तुली के पास दिलचस्प परियोजनाएँ हैं, जिनकी घोषणाएँ आदर्श समयसीमा के अनुसार होंगी।

सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन मचाएंगे देसी बॉयज 2 में धमाल

बॉलीवुड में इस साल कई शानदार फिल्मों के सीक्वल आने वाले हैं, जिनका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।बीते दिनों अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्म देसी बॉयज के सीक्वल से जुड़ी खबर सामने आई थी।कहा जा रहा था कि फिल्म नए कलाकारों के साथ बनेगी तो बाद में टाइगर श्रॉफ और वरुण धवन के सीक्वल में आने की खबरें आईं। हालांकि, अब टाइगर का फिल्म से पत्ता कट गया है और वरुण इसमें बरकरार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, देसी बॉयज 2 के लिए वरुण और टाइगर से संपर्क किया गया था, लेकिन अब सिद्धार्थ मल्होत्रा ने टाइगर की जगह ले ली। टाइगर के फिल्म छोडने् की वजह सामने नहीं आई है।इसके अलावा पहले भाग का निर्देशन रोहित धवन ने किया था तो अब सीक्वल की कमान लक्ष्य आनंद के पास है।फिल्म अटैक का निर्देशन कर चुके लक्ष्य से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार किया।रिपोर्ट में कहा गया है कि देसी बॉयज 2 की कहानी का पहले भाग से कोई लेना-देना नहीं होगा और यह एकदम अलग होने वाली है।इसके अलावा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अनन्या पांडे का नाम सामने आ रहा है, लेकिन इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।कहा जा रहा है कि आनंद पंडित मोशन पिक्चर, इरोज इंटरनेशनल और पराग सांघवी ने फिल्म के सह-निर्माता के रूप में हाथ मिलाया है। वरुण और सिद्धार्थ ने 2012 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म से ही आलिया भट्ट ने भी अपनी शुरुआत की थी और दर्शकों को तीनों की तिकड़ी काफी पसंद आई थी।अब देसी बॉयज 2 के साथ वरुण और सिद्धार्थ दूसरे बार किसी फिल्म के साथ आने वाले हैं, जिन्हें पर्दे पर देखना काफी दिलचस्प होगा।हालांकि, अभी अभिनेताओं या निर्माताओं की ओर से घोषणा नहीं हुई है।रोमांस और कॉमेडी से भरपूर देसी बॉयज 2011 में आई थी, जिसमें अक्षय और जॉन को काफी पसंद किया गया था। फिल्म में जॉन की जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ तो अक्षय की चित्रांगदा सिंह के साथ बनी थी।फिल्म की कहानी 2 ऐसे युवकों की थी, जो अपनी नौकरी खो देते हैं और फिर पैसे कमाने के लिए स्ट्रिपर के रूप में काम करते हैं।40 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म का प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा था।रोहित शेट्टी 15 अगस्त को अपनी फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं तो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 भी उसी दिन रिलीज होगी। इसके अलावा हेरा फेरी 3, भूल भुलैया 3, वेलकम टू द जंगल, आशिकी 3 और स्त्री 2 भी कतार में हैं।

न्यूज गैलरी

संत पूज्य श्री गुरुदेव 108 विद्या सागर जी महाराज के समाधिमरण पर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी

भोपाल/नवप्रदेश। जैन समाज के महान संत पूज्य श्री गुरुदेव 108 विद्या सागर जी महाराज के समाधिमरण पर कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन के राजीव गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने विद्यासागर महाराज का स्मरण करते हुए कहा कि वे एक सौम्य, सहज और सहज व्यक्तित्व थे। पूर्व मुख्यमंत्रीद्वय श्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने उनके सानिध्य में पहुंचकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने देश ही नहीं कई विश्व के कई देशों में अपने श्रीमुख से जनता को आर्शीवचन दिये। अनेकोनेक गौशालाएं खोली और गौसेवा की। जैन समाज के लिए वे महानता के शिरोमणि रहे।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह और पब्लिसर्स सुनील जैन ने विद्यासागर महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया उनकी दिनचर्चा के बारे में संक्षिप्त में अपनी बात रखी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जैन समाज के प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कहा कि वे बहुत ही विद्यासागर महाराज के एक-एक शब्दों का सार मनुष्य के जीवन को आनंदित और प्रफुल्लित करने वाला था। हम सभी को ऐसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेना चाहिए।

इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी कैलाश मिश्रा, के.के. मिश्रा, दीपचंद यादव, जे.पी. धनोपिया, श्रीमती विभा पटेल, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, किशन पंत, भूपेन्द्र गुप्ता, पुनीत टंडन, राजलक्ष्मी नायक, सीताशरण सूर्यवंशी, उमेश झा, उदयवीर सिंह, सुनील जैन, सोनू भाभा, अजय सोगानी, राकेश कठनेरा, कमल स्वेता, सुरेश जैन, राजेश जैन सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

युवक को सरेराह गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अशोकनगर/नवप्रदेश। मारुति शोरूम के सामने सारेरहा युवक को गोली मारकर घायल करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाश घटना के बारे में हलचल जानने के लिए बीते दिन दोनों अशोकनगर आए हुए थे। जहां से पुलिस ने उन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की है। महिला को भगाकर लाने की वजह से उसके पति एवं भाई ने प्रेमी पर गोली चलाई थी। शुक्रवार की शाम पुलिस ने कोतवाली थाने में थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। गोली मारने वालों की पहचान संजय मीना उम्र 24 साल निवासी बरखेड़ा बीड़ नरसिंहगढ़ एवं जीजा भोगीराम मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम भियांखेड़ी शमशाबाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि महिला को भगा कर ले जाने की वजह से उन्होंने नरसिंहगढ़ जिले की बरखेड़ा बीड़ गांव हाल निवासी त्रिलोकपुरी कॉलोनी अशोक नगर में रहने वाले बंटी उर्फ अनिल मीना पर गोली चलाई थी। दोनों आरोपियों ने गोली कट्टे से चलाई थी। पुलिस में गोली चलाने वाला कट्टा एवं उनकी बाइक को बरामद कर लिया है। मारुति शोरूम के सामने 17 फरवरी की रात के समय बंटी उर्फ अनिल मीणा उम्र 32 साल हाल निवासी त्रिलोकपुरी कॉलोनी पर बाइक से आए दोनों बदमाशों में गोली चलाई थी।

विकास के क्षेत्र में सांवेर विधानसभा क्षेत्र रहेगा नम्बर वन- जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में होगा सुनिश्चित- राजस्व मंत्री वर्मा

क्षेत्र को सौगात देते हुए तहसील कार्यालय का उद्घाटन

भोपाल/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र को सौगात देते हुए खुड़ेल में नवीन तहसील कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी,विधायक श्री मधु वर्मा तथा श्री मनोज चौधरी, श्री दर्शन गिरी जी महाराज, जनपद अध्यक्ष श्री विश्वजीत सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है। राज्य शासन ने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिए राजस्व का महाअभियान प्रारंभ किया है। इसमें अभी तक डेढ़ लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। राजस्व का महाअभियान 29 फरवरी तक लगातार चलेगा। हमारा प्रयास है कि एक भी प्रकरण पूरे प्रदेश में लंबित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि राज्य शासन राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। अभियान के तहत लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए कोई भी नागरिक परेशान नहीं हो, उनका काम समय-सीमा में हो और उनको इधर-उधर नहीं भटकना पड़े।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तेजी से कार्य किये जा रहे है। सड़कों और पुल-पुलियाओं का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विकास कार्य हो रहे है। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में नर्मदा का जल पहुंचाया जा रहा है। तहसील कार्यालयों के नए भवन बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र विकास के क्षेत्र में नंबर वन रहेगा। सांवेर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मद से सड़कों का विस्तार किया जा रहा है। खुड़ैल में फोरलेन सड़क भी बनाई जाएगी। उन्होंने केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए नागरिकों से आग्रह किया कि वे इनका लाभ लेवे। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसडीएम श्री अजीत श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री अजय यादव ने भवन निर्माण के संबंध में जानकारी दी।

इंदौर जिले के खुडेल तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर एक सौगात मिली है। खुडेल में अब नया तहसील कार्यालय प्रारंभ हो गया है। खुडेल में तहसील कार्यालय बन जाने से ग्रामीणों को अब अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिये इंदौर नहीं आना पड़ेगा। यह तहसील कार्यालय भवन 6 करोड़ 40 लाख रूपये की लागात से बनाया गया है। सर्वसुविधायुक्त इस भवन में 40 कमरे है। नवनिर्मित भवन के चारों ओर तथा मुख्य मार्ग से भवन तक सीसी रोड बनाया गया है। नवनिर्मित भवन का निर्माण 2 वर्ष की समय-सीमा में पूर्ण किया गया है। संकुल तहसील कार्यालय में 49 गांव सम्मिलित है। इन गांवों के 60 हजार से ज्यादा किसानों/रहवासियों को लाभ होगा। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से खुडेल क्षेत्र के 49 गांवों के हजारों लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिये 40 से 50 किलोमीटर दूर कलेक्टर कार्यालय इन्दौर नहीं आना होगा। इंदौर आने में 2 से 3 घण्टे का समय लगता था।

भोपाल में 9 लाख रु. का मावा-पनीर जब्त: ग्वालियर से ट्रक में आया था 31.50 क्विंटल मावा

भोपाल/नवप्रदेश। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार तड़के मुखबिर की सूचना पर भोपाल की नवबहार सब्जी मंडी से मावा और पनीर की खेप को पकड़ा। कुल 31.50 क्विंटल मावा और 6.50 क्विंटल पनीर ट्रक में भरे थे, जो ग्वालियर से लाया जाना सामने आया है। सैंपल राज्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इधर, विभाग के अफसर पता लगा रहे हैं कि मावा और पनीर किसका है। यह नकली तो नहीं है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा।

नवबहार सब्जी मंडी में ट्रक नंबर- MP07 GB 0531 की जांच की गई। ट्रक में 79 डलिया (लगभग 31.50 क्विंटल) मावा और 13 पैकेट (लगभग 6.50 क्विंटल) पनीर होना पाया गया। अमानक होने की आशंका के कारण मावा के छह और पनीर के दो नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। अभिहित अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशानुसार रिपोर्ट प्राप्त होने तक मावा और पनीर को कोल्ड स्टोरेज में रखा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मावा और पनीर नष्ट किया जाएगा। मावा और पनीर की कुल कीमत 9 लाख रुपए आंकी गई है।

43 प्रकरण में 4.35 लाख रु. का जुर्माना

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा प्रस्तुत किए गए 43 प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए न्याय-निर्णायक अधिकारी और एडीएम हरेंद्र नारायण ने कुल 4 लाख 35 हजार रुपए का जुर्माना किया है। पारित निर्णयों में नागपुर स्थित कृष्णा एजेंसीज के विरुद्ध मिथ्याछाप चमनबहार निर्मित करने के आरोप में पचास हजार रुपए, ओल्ड कबाड़खाना स्थित नेमा सुपाड़ी ट्रेडर्स के विरुद्ध पाम बीज मिश्रित अमानक सुपाड़ी का विक्रय करने के आरोप में 25 हजार रुपए, बावड़ियाकलां स्थित श्री कृष्णा डेयरी शॉप के विरुद्ध अमानक मावा के विक्रय के आरोप में 25 हजार रुपए, हर्षवर्धन नगर स्थित दवे सौराष्ट्र डेयरी के विरुद्ध अमानक घी के विकय के आरोप में 25 हजार रुपए और बृजधाम डेयरी के विरुद्ध अमानक मावा के विक्रय के आरोप में 25 हजार रुपए, ताजुल मस्जिद के पास स्थित जम-जम फास्ट फूड के विरुद्ध अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य कारोबार के संचालन के आरोप में 20 हजार रुपये का जुर्माना शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है कौशल युक्त एवं बेरोजगार मुक्त भारत का निर्माण - राज्य मंत्री टेटवाल

सारंगपुर में कौशल रोजगार मेले में 198 युवाओं का चयन

सारंगपुर में खुलेगा आईटीआई

भोपाल/नवप्रदेश। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कौशल युक्त एवं बेरोजगार मुक्त भारत का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश में प्रत्येक वर्ष एक लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कौशल युक्त भारत के सपने को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजग? जिले के सारंगपुर में रोजगार मेले का आयोजन कर युवाओं को कौशल एवं रोजगार उपलब्धर कराने की अभिनव पहल की गई है। प्रदेश के हर जिले में इस तरह के मेले आयोजित किए जाएंगे। श्री टेटवाल शुक्रवार को सारंगपुर में मध्यप्रदेश कौशल एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित मेगा कौशल रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे।

मेले में विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को 2 करो? 33 लाख रूपये के हितलाभ वितरित किए गए। इस दौरान 11 निजी कंपनियों में 450 युवाओं का पंजीयन किया गया एवं 198 युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। श्री टेटवाल ने चयनित युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर वितरित किए। राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने सारंगपुर में आई.टी.आई. प्रारंभ करने की भी घोषणा की। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएँ दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत गांव में बसता है और हर गांव में छोटे-छोटे उद्यमों को ब?ावा दिया जाएगा। महिलाओं को भी कौशल विकास में आगे लाकर उनको स्व-रोजगार में स्थापित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

मेले में खादी तथा ग्रामोद्योग की योजना में 4 हितग्राहियों को 21 लाख 25 हजार रूपये का ऋण वितरित किया गया। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 8 हितग्राहियों को एक करोड 15 लाख रूपये, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति अंतर्गत 4 हितग्राहियों को 18 लाख 50 हजार रूपये, एन.आर.एल.एम. योजना में 10 स्व-सहायता समूह को 15 लाख रूपये, पी.एम. स्व निधि योजना में 30 हितग्राहियों को 6 लाख रूपये, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 4 हितग्राहियों को 13 लाख 50 हजार रूपये, शहरी स्व-रोजगार योजना में 10 हितग्राहियों को 13 लाख 50 हजार रूपये सहित अन्य योजनाओं में हितग्राहियों को ऋण एवं हितलाभ श्री टेटवाल द्वारा वितरित किए गए।

सड़क निर्माण मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मापी सड़क निर्माण की थिकनेस

भोपाल/नवप्रदेश। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने सड़क निर्माण के ठेकेदार को हिदायत दी कि निर्माण कार्य निर्धारित मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने जुबली गेट से अयोध्या बायपास फोर लेन पर हो रहे डामरीकरण की समक्ष में थिकनेस की माप भी कराई। उन्होंने कहा कि सड़क टिकाऊ रहे, इस बात का निर्माण के समय पूरा-पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण की मॉनिटरिंग कर रहे लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को कहा कि गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जा सकता। श्रीमती गौर शुक्रवार को पिपलानी क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रही थीं। श्रीमती गौर ने मौके पर मौजूद पार्षद और स्थानीय नागरिकों से कहा कि वे निर्माण कार्यों पर नजर रखें। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में जहां कहीं भी प्रथम दृष्टया कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई जाए, वहां की जानकारी तुरंत मुझे दें। ऐसे ठेकेदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। श्रीमती गौर ने कहा कि जुबली गेट से अयोध्या बायपास तक ड़ाई किलोमीटर लंबाई की सड़क का डेड़ करोड़ रूपये की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क से कर्मवीर नगर, शिवाकांती, भवानी धाम, निजामुद्दीन और अयोध्या बायपास क्षेत्र की अनेक कॉलोनियों के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

श्रीमती गौर ने भरत नगर में नाली निर्माण सहित पिपलानी क्षेत्र में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। पार्षद श्रीमती उर्मिला मौर्य, पार्षद श्रीमती शिरोमणि शर्मा, श्री छोटू पंडित, श्री भीकम सिंह बघेल, श्री लवकुश यादव, श्री राकेश राजपूत, श्री

सुरक्षा में चूक, प्लेटफॉर्म तक कार ले आया युवक

भोपाल स्टेशन की घटना, अब रेलवे कर रहा दीवार बनाने की तैयारी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल स्टेशन पर रेलवे की लापरवाही का एक नया मामला सामने आया है, प्लेटफॉर्म 6 की तरफ एक युवक कार लेकर पहुंच गया, जिसके बाद आरपीएफ ने ड्राइवर को चेतावनी देकर छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना 21 फरवरी रात की है, जब किसी यात्री को छोड़ने आए परिजन ने कार बिल्कुल प्लेटफॉर्म के नजदीक लगा दी, जिसके बाद

आरपीएफ ने युवक को तुरंत चेतावनी दी और उसे वहां से हटाया। वहीं रेलवे ने अब यहां दीवार बनाने के आदेश दिए हैं, ताकि आगे से ऐसा कोई नहीं कर पाए। यह था घटना बताया जा रहा है कि एक युवक रात करीब 9 बजे किसी यात्री को छोड़ने प्लेटफॉर्म नंबर 6 की तरफ से आया, बीना एंड पर बने एफओबी के पास बने रास्ते पर खड़ी कर दी, जिसके बाद रेलवे अधिकारियों ने तुरंत उसे वहां से हटवाया और युवक पर कार्रवाई की बात कहीं, तब युवक ने बताया कि मुझे रेलवे के इस नियम के बारे में नहीं पता था, इसलिए मुझपर कार्रवाई नहीं करें। तब रेलवे ने युवक को वॉर्न कर छोड़ दिया।

आरपीएफ कमांडेंट ने बताया कि ड्राइवर को चेतावनी दी गई थी और उसे जानकारी नहीं थी, इसलिए कार्रवाई नहीं की गई.। हमने इंजीनियरिंग विभाग से रेलिंग लगवाने के लिए कहा है ताकि केवल यात्री ही सर्कुलेटिंग एरिया तक पहुंच सकें और आगे से इस तरह की कोई घटना भी नहीं हो।

भोपाल में झुग्गी बस्ती गिराने पर मानवाधिकार आयोग देगा नोटिस: पीसी शर्मा बोले- 10वीं-12वीं परीक्षा के बीच घर गिरा दिए

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में झुग्गी बस्ती भदभदा पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ मानवाधिकार आयोग ने नोटिस देने की बात कही है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने आयोग में शिकायत की। उन्होंने बताया कि आयोग ने संज्ञान लेकर तुरंत नोटिस देने की बात कही है। शर्मा ने कहा, 10वीं - 12वीं की परीक्षा चल रही है। इस बीच घरों पर बुलडोजर चला दिया। लोगों की कनपटी पर बंदूक रखकर घर खाली करने के लिए सहमति ली जा रही है। भोपाल में होटल ताज के सामने भदभदा बस्ती पर बुलडोजर चल रहा है। दो दिन में 139 घर हटा दिए गए हैं। आज तीसरे दिन शुक्रवार को 129 घर और गिराए जा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि लोगों से सहमति लेकर उनके घरों को गिराया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल

ने 386 घरों को हटाने के आदेश दिए थे। कोई हंगामा न हो, इसके लिए पुलिस ने बस्ती से 1 किलोमीटर पहले बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक रखा है। पुलिस के 500 जवान तैनात हैं। घरों को तो?ने के लिए 10 JCB लगाई गई हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कार्रवाई अगले दो दिन और चलेगी।

शर्मा बोले- ऐसा लग रहा है कि युद्ध की स्थिति हो

पीसी शर्मा ने कहा, बगैर नोटिस के बिजली-पानी कनेक्शन काट दिए। लोगों को सामान नहीं निकालने दिया गया। वहां खाने-पीने की व्यवस्था नहीं है। बाहर से लोग ले जा रहे हैं, तो जाने नहीं दिया जा रहा। ड्रोन लगाकर बताएं कि क्या कार्रवाई कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि युद्ध की स्थिति हो गई है, जिसमें सब तो?फो? देते हैं। जिला प्रशासन ने लोगों की सहमति ली है इसके जवाब में उन्होंने कहा, जबरन जगह खाली कराई जा रही है। लोगों को पहले कहा कि हम 2-4 घर तो? देंगे, हत्रञ्ज में बता देंगे कि कार्रवाई हो गई है। इस बहाने 2 - 4 की सहमति ली, बाकी को बंदूक लगाकर दस्तखत करा लिए।

बेघर लोगों को जमीन के पट्टे, मुआवजे का ऑप्शन

बस्ती से अब 247 घर और हटाए जाएंगे। इनमें से 129 ने शुक्रवार को अपने घर खाली करने की सहमति दी है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि सभी को मुआवजा दिया गया है। शिफ्टिंग के लिए निगम की गा?यां उपलब्ध कराई गई हैं। कुछ लोगों को चांदपुर बैरसिया इलाके में जमीन के पट्टे तो बाकी को 1 लाख रुपए की मुआवजा राशि या प्रधानमंत्री आवास का ऑप्शन दिया गया है।

NGT के आदेश के बाद जिला प्रशासन अतिक्रमण हटा रहा है। इसे लेकर पिछले दिनों नगर निगम की ओर से मुनादी भी कराई थी। रहवासियों को अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया था। सोमवार को यह अवधि खत्म हो गई। कलेक्टर सिंह ने रहवासियों की मीटिंग की और फिर एक दिन की मोहलत और दी थी। बुधवार से सख्ती और समझाइश दोनों शुरू कर दी गई। बुधवार को 30, गुरुवार को 109 घर गिराए गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।